सेवा संस्कार संगठन



# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

## प्रगति-प्रतिवेदन 2021-22

### नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# विजय गीत

लक्ष्य है ऊँचा हमारा, हम विजय संगान गाएं ।
चीरकर कठिनाइयों को, दीप सम हम जगमगाएं।।
तेज सूरज-सा लिये हम,
शुभ्रता शशि-सी लिये हम,
पवन-सा गति वेग लेकर, चरण ये आगे बढ़ाएं।।
हम न रुकना जानते हैं,
हम न झुकना जानते हैं,
हो प्रबल संकल्प इतना, सफल हो सब कल्पनाएं।।
हम अभय, निर्मल निरामय,
हैं अटल जैसे हिमालय,
हर कठिन जीवन घड़ी में, फूल बनकर मुस्कराएं।।
हे प्रभो ! पा पंथ तेरा,
हो रहा अब नव सवेरा
स्वस्थ तन-मन, स्वस्थ चिंतन, चेतना की लौ जलाएं।।

# 55वां वार्षिक अधिवेशन

**रविवार, 12 जून 2022**

**स्थान : ओसवाल भवन, विवेक विहार**

# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

**नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास**

# श्रावक निष्ठा पत्र

मै जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ का अनुयायी श्रावक हूँ। इसका मुझे गौरव है। मैं इसे जीवन-विकास का तथा समस्याओं के समाधान में सबसे बड़ा आलम्बन मानता हूँ। अतः अपने दायित्व-निर्वाह तथा आस्था की पुष्टि के लिए मैं इन संकल्पों को स्वीकार करता हूँ :-

1. मैं आचार्य भिक्षु की मर्यादा, तेरापंथ धर्मसंघ तथा शासनपति के प्रति समर्पित रहूंगा।
2. मैं धर्मसंघ की अखण्डता के लिए सतत जागरूक रहूंगा। दलबंदी को प्रोत्साहन नहीं दूंगा।
3. मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ से मुक्त व्यक्ति (टालोकर) को प्रश्रय नहीं दूंगा।
4. मैं आचार्य की आज्ञा के प्रतिकूल प्रवृत्ति को समर्थन नहीं दूंगा।
5. मैं धर्मसंघ के किसी साधु-साध्वी में दोष जान पड़े तो उसका अन्यत्र प्रचार किये बिना यथौचित्य स्वयं उन्हें अथवा आचार्य आदि उपयुक्त व्यक्ति को जताऊंगा।
6. मैं प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने का यथासंभव प्रयत्न करूंगा।
7. मैं सम्यक्त्व दीक्षा के चारों नियमों का जागरूकतापूर्वक पालन करूंगा।

# तेरापंथ की यशस्वी आचार्य परंपरा



# संघ गान

जय–जय धर्म-संघ अविचल हो।
संघ-संघपति प्रेम अटल हो।।

हम सबका सौभाग्य खिला है, प्रभु यह तेरापंथ मिला है।
एक सुगुरू के अनुशासन में, एकाचार विचार विमल हो।।


दृढ़तर सुन्दर संघ-संगठन, क्षीर-नीर-सा यह एकीपन।
है अक्षुण्ण संघ-मर्यादा, विनय और वात्सल्य अचल हो।।


संघ-संपदा बढ़ती जाए, प्रगति-शिखर पर चढ़ती जाए।
भैक्षव शासन नन्दनवन की, सौरभ से सुरभित भूतल हो।।

'तुलसी' जय हो, सदा विजय हो, संघ चतुष्टय बल अक्षय हो।
श्रद्धा-भक्ति बहे नस-नस में, पग-पग पर प्रतिपल मंगल हो।।

# मंगल भावना यंत्र

जैनं जयतु शासनम्
जैन संस्कार विधि



## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

नूतन चिन्तन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।



# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

**शुभाशंसा**

महातपस्वी, युवामनीषी, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के श्रीचरणों में सभक्ति वंदना। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी को सविनय वंदना। आपके क्षेत्र एवं निकटस्थ विराजित चारित्रात्माओं को सादर वंदना।

'अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्' परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन आध्यात्मिक संरक्षण एवं पथदर्शन में सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में बहुमुखी गतिविधियों एवं आयामों का संचालन करती है। इन त्रिआयामी उद्देश्यों के अन्तर्गत किसी भी आयाम को गति देने के लिए अभातेयुप द्वारा केन्द्रीय स्तर पर एक आह्वान किया जाता है और 350 से अधिक शाखा परिषदों और 45000 से अधिक युवाओं का विशाल नेटवर्क समर्पित भाव से संगठन द्वारा निर्देशित उस कार्य को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हो जाता है। अभातेयुप का मुख्य उद्देश्य युवापीढ़ी को अध्यात्म और नैतिकता के सुसंस्कारों से पोषित करना है। गुरु इंगित की प्रतिपल आराधना के संकल्प के साथ हजारों युवक एवं किशोर इस संगठन के माध्यम से अपना स्वयं का सर्वांगीण विकास तो करते ही हैं साथ ही विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहयोगी बनते हैं।

अभातेयुप की समर्पित एवं सक्रिय शाखा परिषदों की श्रृंखला में एक प्रमुख शाखा परिषद् है– **'तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली'**। प्रसन्नता का विषय है कि तेयुप दिल्ली अभातेयुप द्वारा निर्देशित सभी कार्य पूर्ण जागरूकता के साथ करने का प्रयास करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद् ने सत्र 2021–22 में **'सेवा'** के क्षेत्र में MBDD के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। TTF के तहत वर्चुअल मिशन एंपार्वमेंट कार्यशाला आयोजित की गई। नेत्रदान एवं देहदान करवाए गए। आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर का कार्य प्रगति पर है। **'संस्कार'** के अन्तर्गत जैन विधा कार्यशाला, व्यक्तित्व विकास कार्यशाला आयोजित की गई। अभिनव सामायिक, तपोयज्ञ, प्रभु पार्श्व प्रणति, मंत्र दीक्षा, जप–तप महायज्ञ, धम्म जागरण आदि का आयोजन किया गया। जैन संस्कार विधि द्वारा अनेक मांगलिक कार्यक्रम संपादित किए गए। शासनमाता एवं आचार्य प्रवर के दिल्ली प्रवास में तेयुप दिल्ली के अंतर्गत युवकों एवं किशोरों को सान्निध्य और सेवा–उपासना का अलभ्य अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान परिषद् ने अपने दायित्व का सम्यक निर्वहन किया। सामूहिक गुरुदर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 'युवा वाहिनी' के अंतर्गत पूज्य प्रवर एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा जागरूकता के साथ की गई। **'संगठन'** के अन्तर्गत सभी संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता की गई। युवकों एवं किशोरों की सार–संभाल करते हुए उन्हें अभातेयुप की सदस्यता तथा संघीय गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया गया।

उक्त सभी कार्यों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तेयुप तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण, टीम के साथी एवं कार्यकर्तागण अपने दायित्व के प्रति सजग और संघ व संगठन के प्रति समर्पित हैं। अपेक्षित है कि उनकी यह सजगता और समर्पण निरंतर प्रवर्द्धमान रहे।

परिषद् के वार्षिक प्रतिवेदन में वर्षभर की गतिविधियों का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया है। यह संस्था की उपलब्धियों को इतिहास के पृष्ठों में संरक्षित रखता है। वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर पदस्थ पदाधिकारी गति–प्रगति का समीक्षात्मक मूल्यांकन करे एवं आने वाले नई टीम पूर्व टीम की उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए आगामी वर्ष में विकास के नए पदचिह्न अंकित करने का संकल्प करे। तेयुप का प्रत्येक सदस्य संघ व संघपति के प्रति पूर्ण निष्ठा भाव रखते हुए संगठन में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प ग्रहण करें। युवा शक्ति की संघीय और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता ही संघ व समाज को विकास के नये शिखर पर पहुंचा सकती है।

दिल्ली परिषद् के ऊर्जावान **अध्यक्ष श्री विकास बोथरा** के कुशल नेतृत्व एवं कर्मठ **मंत्री श्री सौरभ आंचलिया** के सक्रिय निर्देशन में निवर्तमान टीम के सफल कार्यकाल की सम्पन्नता पर बधाई एवं नई टीम के यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना के साथ...

| | | |
|---|---|---|
| **पंकज डागा**<br>**राष्ट्रीय अध्यक्ष** | **06 जून 2022** | **पवन मांडोत**<br>**महामंत्री** |

# अनुक्रमणिका


| आयाम | कार्यक्रम | पेज न. |
|---|---|---|
| संघीय दायित्व | चार्तुमासिक मंगल प्रवेश | 28 |
| | तेरापंथ स्थापना दिवस | 29 |
| | मंत्र दीक्षा | 29 |
| | पर्युषण पर्व की व्यवस्थाओं में सहभागिता | 32 |
| | शासन माता का दिल्ली प्रवास एवं महाप्रयाण यात्रा | 40 |
| | पूज्यप्रवर का दिल्ली प्रवास | 41-42 |
| | ज्ञानशाला संचालन में सहभागिता | 48 |
| | संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता | 52 |
| विशेष आयोजन | आओ याद करे वीरों को | 30 |
| | नमस्कार महामंत्र जप | 30 |
| | भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान | 34 |
| | तेयुप वाटिका | 43 |
| | अभिवंदना वात्सल्य मूर्ति को | 45 |
| | आचार्य महाप्रज्ञ पार्क | 46 |
| | भिक्षु धम्म जागरण | 53 |
| | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | 34 |
| | विचार संगोष्ठी | 44 |
| | जप तप महायज्ञ | 33 |
| | प्रभु पार्श्व प्रणति उपवास | 35 |
| | षष्टिपूर्ति आध्यात्मिक तपसेना | 45 |
| | एक दिन एक युवक एक उपवास | 49 |
| | तप अनुमोदना | 49 |
| | शपथ ग्रहण समारोह | 27 |
| | रक्षाबंधन कार्यशाला | 3 |
| | आलौकिक प्रतियोगिता | 51 |
| | जैन संस्कार विधि | 54-55 |
| | जैन संस्कार विधि प्रचार-प्रसार | 57 |
| | समियाए धम्मे | 31 |
| | अभिनव सामायिक | 32 |
| | उत्सव विश्व मैत्री का : अभिनव सामायिक फेस्टीवल | 37 |
| | शनिवारीय सामायिक | 48 |

# अनुक्रमणिका


| आयाम | कार्यक्रम | पेज न. |
| --- | --- | --- |
| युवा संगम पहचान तेरापंथी युवकों की | जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश | 44 |
| | सामूहिक गुरू-दर्शन | 46 |
| | युवादृष्टि अभियान | 51 |
| | सार-संभाल साथियों की | 52 |
| | सदस्यता अभियान | 57 |
| TERAPANTH TASK FORCE | तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF) | 35 |
| | तेरापंथ टास्क फोर्स का वर्चुअल मिशन एम्पावरमेंट | 37 |
| युवा वाहिनी | युवा वाहिनी | 38-39 |
| | जल सेवा | 49 |
| | चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा - उपासना | 56 |
| सत्कार | सत्कार चौका सहभागिता | 48 |
| FIT HIT युवा | फिट युवा हिट युवा | 51 |
| MEGA BLOOD DONATION DRIVE | रक्तदान एवं प्लाज्मा डोनेशन | 50 |
| नेत्रदान महादान Eye Donation | नेत्रदान एवं देहदान | 58 |
| सेवा संस्कार संगठन | 54वां वार्षिक अधिवेशन | 27 |
| | अभातेयुप वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता | 33 |
| | भवन एवं ATDC गति-प्रगति | 49 |
| | कार्यकारिणी बैठकें | 56 |
| | बारहव्रत | 57 |
| तेरापंथ किशोर मंडल | तेरापंथ किशोर मंडल | 63-64 |

अर्हम



# अध्यक्षीय स्वर

प्रातः स्मरणीय परम पावन महातपस्वी युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन चरणों में सभक्ति वंदन। वंदनीया साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीर कुमार जी, साध्वीवर्या श्री सम्बुद्धयशाजी, तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेश कुमारजी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रात्माओं के श्री चरणों में पंचाग प्रणति पूर्वक श्रद्धासिक्त वंदन।

सम्मानीय तेयुप दिल्ली के परामर्शकगण, अभातेयुप कार्यसमिति सदस्यगण, सभी संस्थाओं के सम्मानित पदाधिकारीगण, सम्मानिय श्रावक-श्राविका समाज एवं प्राणवान धर्म संघ के ऊर्जावान युवा साथियों।

सादर जय जिनेन्द्र !

तेयुप दिल्ली के 55 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करते हुए परम प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। तेयुप दिल्ली का अखिल भारतीय स्तर पर अपना एक विशिष्ट स्थान है। जिसका नेतृत्व करना अपने आप में गौरव की अनुभूति कराता है। पूज्यप्रवर के आशीर्वाद व आप सभी कर्मठ युवा साथियों के सहयोग व समर्पण से यह कार्यकाल सानन्द संपन्न हो रहा है। मैं आभारी हूँ तेयुप दिल्ली के युवा सदस्यों के प्रति जिन्होंने मुझ पर विश्वास कर, सीमित क्षमताओं के बावजूद मुझे नेतृत्व का अवसर प्रदान किया। मेरा सौभाग्य की गुरूकृपा से संघ सेवा का यह दुर्लभ अवसर मुझे प्राप्त हुआ।

कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय प्रतीकात्मक रूप से अध्यक्ष एवं उसकी टीम को जाता है किन्तु इसका वास्तविक श्रेय आप सभी कर्मठ युवा साथियों के निहित श्रम को देता हूँ, जिन्होने अपने समर्पण, श्रद्धा व कर्मजा शक्ति से बिना किसी नाम की अपेक्षा के परिषद् के प्रत्येक गतिविधियों में सहभागी बन उसे सुसफल बनाने व व्यवस्थित रूप देने में अपना सुश्रम नियोजित किया। मैं हृदय की गहराई से नमन करता हूँ, तेयुप दिल्ली की संपूर्ण कर्मठ युवा शक्ति को एवं यही मंगलकामना करता हूँ भविष्य में भी आपके उत्तरोत्तर अग्रणी सहयोग व समर्पण से परिषद् अपने दायित्वों, लक्ष्यों एवं संकल्पों की संप्राप्ति से विकास के नये क्षितिज का आरोहण करती रहें। तेयुप दिल्ली जिसे पूर्व अध्यक्षगणों, पदाधिकारियों व सम्माननीय कार्यकर्ताओं ने अपने अतुलनीय श्रम से सिंचन किया है, आप सभी के प्रति आदर भाव प्रकट करते हुए यही मंगल कामना करता हूँ, तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली संघ व संघपति के प्रति निष्ठा व गुरू इंगित की प्रतिपल आराधना करते हुए संगठन के प्रति अपने समर्पण से विकास के पथ का आरोहण करती रहें।

मैं अपने आपको अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूँ कि 27 जून 2021 को अध्यक्ष पद पर मनोनयन के पश्चात् अगस्त माह में गुरूदेव ने महती कृपा करके दिल्ली पधारने की घोषणा की। साथियों पद एक व्यवस्था है, कार्य संचालन की दृष्टि से हम सभी कार्यकर्ता है और सभी आयामों व योजनाओं को सभी साथियों के सहयोग व श्रम से ही गति प्राप्त होती है।

सत्र 2021-22 में हमने गुरूचरणों में रहकर गुरू कृपा, गुरू आशीर्वाद, गुरू वात्सल्य का अमृतपान किया और गुरूदेव की असीम अनुकम्पा से व परस्पर सहयोग से प्रवास व आयोजनों में दायित्व निर्वहन करने का प्रयास किया।

पूज्यप्रवर के षष्टिपूर्ति वर्ष पर तपोयज्ञ आयाम के अंतर्गत 'एक दिन एक युवक एक उपवास' के लक्ष्य के साथ 60 दिन तक सदस्यों ने प्रतिदिन उपवास गुरूचरणों में समर्पित कर धन्यता का अनुभव किया।

स्वामीजी की मासिक तेरस पर भिक्षु भजन मंडली द्वारा प्रतिमाह धम्म जागरण का कार्यक्रम गुरू कृपा से वर्ष पर्यन्त आयोजित रहा, साथ ही इस वर्ष सांस्कृतिक प्रभारी की कर्मठता से 28 तपस्वियों के तप अनुमोदना कार्यक्रम में भक्तिमय आयोजनों में भिक्षु भजन मंडली की सहभागिता रही।

जैन संस्कार विधि के अंतर्गत इस वर्ष भी परिषद् ने गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए परिषद् नये इतिहास का सर्जन कर भारत में संभवतः प्रथम बार अजैन परिवारों में 3 मांगलिक कार्यक्रम संपादित कर संघ प्रभावना में प्रवर्द्धमान रही। इस हेतु निःसंदेह हमारे जैन संस्कार विधि प्रभारी व संस्कारकों का अतुलनीय योगदान व समर्पण निहित रहा।

सेवा के महनीय कार्य रक्तदान, नेत्रदान व देहदान के क्षेत्र में सक्रियता से श्रम कर समाज में जागरूकता हेतु उल्लेखनीय श्रम नियोजित किया।

तेरापंथ टास्क फोर्स कैम्प व ऑनलाइन वर्चुअल मिशन एम्पावरमेंट, मैं हूँ सामायिक साधक, फिट युवा हिट युवा, तेरापंथ किशोर मंडल, सत्कार चौका आदि एवं अभातेयुप निर्देशित आयामों में सक्रिय सहभागिता रही।

शासनमाता की सेवा का हमें शुभ संयोग मिला। पूज्यप्रवर के 24 दिवसीय दिल्ली प्रवास में तेयुप दिल्ली के सदस्यों ने श्रम नियोजित कर सभी व्यवस्थाओं (विहार सेवा, पंडाल व्यवस्था, भोजनशाला, तेयुप वाटिका) में अपना अतुलनीय योगदान दिया एवं गुरू चरणों में समर्पित रहकर स्वयं को कृतार्थ किया।

गुरूदेव के षष्टिपूर्ति वर्ष पर तेयुप दिल्ली ने पूज्यप्रवर के विहार सेवा में युवा वाहिनी में बीदासर से सरदारशहर तक 60 दिन की सेवा के अविस्मरणीय सुअवसर का लाभ लिया। विहार सेवा में सहभागी सभी जगरूक साथियों व सेवा प्रभारी को अनन्त साधुवाद।

''संवाद सदस्यों से व सार संभाल साथियों की'' के माध्यम से परिषद् के अधिकाधिक साथियों से संपर्क कर संगठन की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रेरित कर संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु युगानुकूल प्रयास किया।

कार्यकाल की सम्पन्नता पर मैं तेयुप के प्रणेता प्रखर ऊर्जा पुंज गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्रीतुलसी एवं प्रज्ञा पुरूष महायोगी आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के पावन स्मरण के साथ विनम्र भावों से पूज्य गुरूदेव के श्री चरणों में कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रात्माओं का प्रेरणा पाथेय व मार्गदर्शन समय-समय पर प्राप्त हुआ, मैं आप सभी के चरणों में कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

पूज्यप्रवर की असीम कृपा दृष्टि से कार्यकाल में वर्ष पर्यन्त परिषद् के कार्यों के प्रति शिथिलता अनुभव नहीं हुई एवं कार्यकाल के प्रति आत्मतोष के भाव रखते हुए मैं यही कहूँगा मैं तो सिर्फ निमित मात्र हूं, पूरे कार्यकाल में, मैं तो कहीं था ही नही, थे तो सिर्फ हम और सिर्फ तेयुप।

मैं अपने आप को अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे वर्ष भर सभी पदाधिकारियों का विशेष सहयोग मिला, पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ परिषद् के आयामों को गति देते हुए मुझे निंभार बनाए रखा। सहचिंतन व संयुक्त निर्णय में सहभागी रहे उपाध्यक्ष प्रथम श्री विकास सुराणा, उपाध्यक्ष द्वितीय श्री संजीव जैन, मंत्री श्री सौरभ आंचलिया, सहमंत्री प्रथम श्री अशोक सिंघी, सहमंत्री द्वितीय श्री अमित डूंगरवाल, कोषाध्यक्ष श्री पवन श्यामसुखा, संगठन मंत्री श्री मयंक दुगड़, आप सभी के अतुलनीय, अविस्मरणीय सहयोग हेतु आभार। आभार हमारे निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल जिनका मार्गदर्शन व स्नेह निरंतर मिलता रहा। अभातेयुप अध्यक्ष श्री पंकज डागा एवं महामंत्री श्री पवन मांडोत, दिल्ली परिषद् प्रभारी श्री सुबोध पुगलिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी व समिति सदस्यों का निरंतर सहयोग मिलता रहा, आपके प्रति आभार। सभी सम्मानीय परामर्शकगणों के निरंतर उचित मार्गदर्शन व सहयोग के प्रति हार्दिक आभार।

परिषद् के सभी आयामों व प्रत्येक कार्यक्रम को संपादित करने में पूर्ण निष्ठा व निस्वार्थ भाव से अपने श्रम को निहित करने वाले सभी प्रभारी, सह-प्रभारी गण, संयोजक, सह-संयोजक गण, कार्यकारिणी सदस्यगण, योजना व समन्वय समिति के सदस्यगण, सहयोगी गण, किशोर मंडल एवं सभी युवा साथियों की उत्साहपूर्ण सक्रिय सहभागिता से सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए आप सभी का हार्दिक आभार एवं कर्मठता के प्रति अनंत साधुवाद।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति, अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास, सभी क्षेत्रीय सभाओं एवं दिल्ली की सभी संघीय व सामाजिक संस्थाओं, अहिंसा यात्रा समारोह समिति से प्राप्त सम्मान व सहयोग हेतु सादर आभार। समस्त उदारमना अनुदान दाताओं ने अर्थ सहयोग से परिषद् के कार्यों में गति व निश्चिंतता प्रदान की, आपके विशेष सहयोग हेतु हार्दिक आभार धन्यवाद।

मैं मेरे स्व. पूज्य दादीसा व स्व. पिताजी को प्रणाम करता हूँ एवं आभार व्यक्त करता हूँ मातुश्री श्रीमती पुखराज देवी का जिनके द्वारा प्रदत्त सद्संस्कारों व आशीर्वाद से मुझे संघ सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं आभारी हूँ जीवन संगिनी मधु, पुत्र हर्षित व कार्तिकेय, अनुज - मुकेश एवं सभी परिवारजनों, मित्रगणों का जिन्होंने मुझे इस दायित्व निर्वहन में पूर्णतया सहयोग दिया एवं कार्यों को संपादित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यकर्ता से कार्य करते हुए भूल होना स्वाभाविक है, दायित्व निर्वहन के दौरान मुझसे या कार्यकारिणी के किसी भी सदस्य द्वारा ज्ञात-अज्ञात रूप में कहीं भी कोई भूल हुई हो, किसी की भावना का सम्मान ना हो पाया हो, प्रमादवश कोई कार्य समुचित रूप से ना हो पाया हो तो सभी युवासाथियों एवं संपूर्ण श्रावक-श्राविका समाज से शुद्ध अंतःकरण से क्षमा याचना करता हूँ।

आगामी आने वाले नए नेतृत्व व पूरी टीम के प्रति असीम अग्रिम मंगलकामनाएं। आशा ही नही पूर्ण विश्वास है आप सभी युवा साथियों का समर्पण सक्रिय सहयोग प्रतिक्षण परिषद् की गौरवशाली विकास यात्रा में सहभागी रहेगा।

गुरू आशीर्वाद से मैं स्वयं संघ सेवा व परिषद् के विकास में सदैव योगभूत रहूँ। अनंत अनंत मंगलकामनाओं के साथ।

**विकास बोथरा**
अध्यक्ष

सेवा संस्कारों से नये शिखरों चढ़ाना है
युवाओं! सजग श्रम से संगठन को अविचल बढ़ाना है,
संघ समर्पण व पौरूष से परिषद् को शुभ तिलक लगाना है।



With best compliments from :

*Panmal Kuhar ★ Sushil Kuhar ★ Suman Kuhar ★ Vedant Kuhar*

**Luka®**

**LIVE TO WEAR**

**Luka Fashion**

Jeans Manufacturers

**IX/ 6457, Mukherjee Gali, Gandhi Nagar, Delhi-110031**
**M : 9717894749, 9910036791**



**Navrang Fashions**

Designer Exclusive
Sarees, Suit Dupattas & Dress Materials

Specialists in : Digital Prints, Gold Foil, Velvet, Laces etc.

**Email : navrangfashion@yahoo.com**
**Website : navrangfashion.com**

## पदाधिकरीयों के मन से



विकास सुराणा
(उपाध्यक्ष-1)

अनंत आस्था के केन्द्र साधना के शिखर पुरूष परम श्रद्धेय युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरण कमलों में करबद्ध वंदना। युवा साथियों सादर जय जिनेन्द्र!

सबसे पहले मैं अध्यक्ष श्री विकास बोथरा का अन्तर्मन से आभार व्यक्त करता हूँ जिनके द्वारा प्रदत परिषद् के महत्वपूर्ण पद उपाध्यक्ष (प्रथम) के रूप में सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपने हम सभी पदाधिकारियों के साथ हर कार्य क्रियान्वित करने हेतु हमारे अंदर पूर्ण जोश और शक्ति का संचार किया। इस कार्यकाल में जहां एक ओर गुरूदेव का दिल्ली पधारना हुआ, दूसरी ओर शासनमाता का स्वास्थ्य लाभ हेतु दिल्ली पधारना व उनकी (शासनमाता) महाप्रयाण यात्रा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तेयुप को मिली। जिसे हम सब साथियों ने मिलकर नियोजित ढंग से करने का प्रयास किया। मेरा ऐसा मानना है कि तेयुप दिल्ली ने दिल्लीवासियों के अंदर अपनी एक अमिट छाप बनाई है। यह आप सभी के सहयोग से ही संभव हो पाया है। सभी के प्रति हार्दिक साधुवाद, मंगलकामनाऐं।

परमपूज्य गुरूदेव आचार्यश्री महाश्रमण जी के चरणों में वंदन।

तेरापंथ युवक परिषद् के अध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने मुझे उपाध्यक्ष का दायित्व देकर धर्मसंघ की सेवा अवसर दिया इसके लिए मैं अध्यक्ष महोदय का आभारी हूँ।

इस कार्यकाल की सबसे बड़ी विशेषता रही कि हम दिल्लीवासियों को युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी का प्रवास मिला एवं शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी की सेवा का अवसर मिला।

सभी साथियों की भांति मैंने भी अपनी क्षमतानुसार कार्य किया, इसका मुझे संतोष है। फिर भी इस महनीय अवसर तथा अन्य कार्यों में मेरे द्वारा कुछ कमी रही हो या कुछ अप्रिय बोला गया हो तो मैं सरल हृदय से खमत-खामणा करता हूँ। मैं परिषद् के सभी सदस्यों का आभारी हूँ जिनका मुझे प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से सहयोग मिला।

ओम् अर्हम्



संजीव जैन
(उपाध्यक्ष-2)



अशोक सिंघी
(सहमंत्री-1)

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली जैसे गौरवशाली संस्था के सह-मंत्री के रूप में दायित्व निर्वहन करना नि:संदेह मेरे जीवन के अविस्मरणीय पलों में से एक है। अध्यक्ष श्री विकास बोथरा सहित सभी पदाधिकारी एवं पूरी टीम के साथ जुड़कर संघ सेवा में अपना समय एवं श्रम नियोजन करना मेरा परम सौभाग्य है एवं परिषद् के विकास में आगे भी सहभागी बनूं ऐसा मेरा सदैव प्रयास रहेगा। सभी के प्रति मैं अपनी मंगल भावनाएं प्रेषित करता हूं।

ओम् अर्हम्

## पदाधिकरीयों के मन से



अमित डूंगरवाल
(सहमंत्री-2)

जय जिनेन्द्र

दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के चरणों में सभक्ति वंदन। समय-समय पर सभी से प्रेरणा मिलती रही उसके लिए सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता।

तेयुप के सत्र 2021-22 में सह-मंत्री द्वितीय की जिम्मेदारी मिली, जिसके लिए मैं अध्यक्ष महोदय के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सभी पदाधिकारियों, तेयुप सदस्यों का साथ और समय-समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग भी मिला जिससे मुझे मिली जिम्मेदारी का निर्वहन कर सका। ऐसी ही एक जिम्मेदारी गुरूदेव के प्रवास में तेयुप वाटिका के रूप में मिली जिसमें सभी साथियों ने भरपूर साथ दिया एवं श्री मुकेश बोरड़ का उल्लेखनीय श्रम रहा।

फिर भी इस कार्यकाल में जाने-अनजाने में कोई भूल हुई हो तो उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।



पवन श्यामसुखा
(कोषाध्यक्ष)

परम पावन महातपस्वी युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरणों में वंदन करते हुए युवा साथियों सादर जय जिनेन्द्र! मैं आभारी हूँ अध्यक्ष श्री विकास बोथरा का जिन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया और मेरे हर छोटे-बड़े कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। मैं अपनी सीमित कार्यक्षमता एवं श्रम से दायित्व निभाने की पूरी कोशिश की, फिर भी मेरे कार्य में कोई कमी रही है तो मैं क्षमा-याचना करता हूँ। मैं बहुत भाग्यशाली हूँ मुझे ऐसे सरल मंत्री एवं कुशल पदाधिकारिगण मिले जिनका सहयोग एवं अपनापन हर समय मिलता रहा जिससे परिषद् के हर कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो पाऐं।

हम दिल्लीवासी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि गुरुदेव का अल्पकालिक पावन प्रवास हमें मिला। धन्यवाद देता हूँ सभी कार्यकर्ताओं को जिन्होंने अपनी मेहनत से परिषद् को नई ऊंचाईयां प्रदान की।

जय जय ज्योतिचरण, जय जय महाश्रमण।



मयंक दूगड़
(संगठन मंत्री)

गुरूदृष्टि आराधना को लक्षित कर सेवा, संस्कार और संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति में निरंतर गतिशील युवाओं का संगठन है तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली। अध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने इस गौरवशाली संगठन का 'संगठन मंत्री' का दायित्व मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को दिया, आशा है मैं उनके विश्वास पर खरा उतरा हूँ। इस सत्र में समस्त प्रबंध मंडल एवं ऊर्जावान युवा साथियों के श्रम-समर्पण से 200 से अधिक नए सदस्य बनाऐ गए। आशावान हूँ कि सभी सदस्य परिषद् के सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में आगे आयेगें एवं अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करते रहेगें।

## पदाधिकरीयों के मन से



प्रवीण डूंगरवाल
(निवर्तमान अध्यक्ष)

परमपूज्य युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरणों में शत्-शत् वंदन करते हुए आप सभी युवा साथियों को सादर जय जिनेन्द्र!

सत्र 2020-21 में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का नेतृत्व करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास था की वर्ष 2021-22 के लिए मनोनीत अध्यक्ष श्री विकास बोथरा अपने नेतृत्व में परिषद् को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगें। भाई विकास एवं उनकी पूरी टीम ने सजगता से अनेकों कार्य किए और मुझे इन सभी कार्यों में अपने साथ जोड़े रखा।

आप के कार्यकाल में गुरूदेव का दिल्ली पधारना हुआ एवं शासनमाता का महाप्रयाण हुआ, इसी दौरान मैनें एवं सभी सदस्यों ने यह महसूस किया कि आपने तेयुप दिल्ली का नाम गौरव से ऊंचा किया है। परिषद् पर गुरू कृपा बनी रहे।

ओम् अर्हम्

## परामर्शक



श्री पुखराज सेठिया



श्री विमल बैंगाणी



श्री इन्द्र बैंगाणी



श्री अशोक संचेती



श्री संदीप डूंगरवाल



श्री दीपक कुचेरिया
(अंकेक्षक)

## अभातेयुप कार्यसमिति सदस्य

**श्री जतन श्यामसुखा**
(कार्यालय प्रभारी)

**श्री विकास चौरड़िया**
(युवा दृष्टि राज्य प्रभारी)

# योजना एवं समन्वय समिति


श्री प्रभात खटेड़


श्री प्रवीन जैन


श्री नितेश बैद


श्री भूपेन्द्र सिंघवी


श्री राजीव सेठिया


श्री आलोक जैन


श्री ललित गेलड़ा


श्री पराग जैन


श्री लक्ष्मीपत कुण्डलिया


श्री नितिन फूलफगर


श्री विनय सुराणा


श्री संतोष संचेती


श्री आलोक लूणिया


श्री अरविंद सिंघी


श्री प्रदीप बोथरा


श्री सौरभ कोठारी


श्री सिद्धार्थ जैन


श्री जिनेश जैन


श्री संजीव चिण्डालिया


श्री अंकित बैद


श्री राकेश पुगलिया

# क्षेत्रीय संयोजक


श्री पवन पारख
शाहदरा


श्री अमित मिन्नी
सूर्यनगर


श्री पुनीत गिड़िया
लक्ष्मीनगर


श्री गौरव महनोत
गांधीनगर


श्री विरेन्द्र दुगड़
पीतमपुरा



श्री सुनील गिड़िया
शालीमार बाग


श्री संदीप संचेती
साउथ दिल्ली


श्री राहुल बोथरा
मानसरोवर गार्डन


श्री प्रतीक चिण्डालिया
नॉर्थ दिल्ली


श्री शुभम जिन्दल (जैन)
रोहिणी


श्री रजत कोठारी
शास्त्रीनगर


श्री सौरभ जैन
पश्चिम विहार


श्री मुदित श्यामसुखा
सेन्ट्रल दिल्ली

# ज्ञानशाला


श्री अरिहन्त जैन
(सेन्ट्रल दिल्ली)


श्री नितेश बांठिया
(शाहदरा)


श्री मनीष नाहर
(सूयनगर)


श्री संदीप पुगलिया
(गांधीनगर)


श्री प्रतीक गिड़िया
(लक्ष्मीनगर)


श्री नवीन जैन
(शालीमार बाग)


श्री अमन जैन
(रोहिणी)


श्री दीपक जैन
(उत्तम नगर)


श्री गौरव बच्छावत
(शास्त्रीनगर)


श्री आशीष मालू
(पश्चिम विहार)


श्री दीपक पुगलिया
(नॉर्थ दिल्ली)


श्री निखिल भंसाली
(मानसरोवर)

# क्षेत्रीय सह-संयोजक



श्री विनीत बैद
(शाहदरा)




श्री पवन बांठिया
(शाहदरा)



श्री विवेक दस्सानी
(सूर्यनगर)



श्री नरेश कुमार डागा
(सूर्यनगर)



श्री रोहित छाजेड़
(सूर्यनगर)



श्री अंकित बोथरा
(गांधीनगर)



श्री रिषभ सेठिया
(गांधीनगर)



श्री गुलशन सुराणा
(पीतमपुरा)



श्री यशवंत छल्लानी
(शालीमार बाग)



श्री राणा छाजेड़
(मानसरोवर गार्डन)



श्री प्रशांत बैद
(पश्चिम विहार)



श्री रिषभ सिंघी
(रोहिणी)



श्री राजीव बैंगानी
(रोहिणी)



श्री पियूष बांठिया
(शास्त्रीनगर)




श्री साहिल बोथरा
(शास्त्रीनगर)



श्री राहुल जैना
(साउथ दिल्ली)



श्री लक्ष्य डुंगरवाल
(साउथ दिल्ली)



श्री आलोक बैद
(सेन्ट्रल दिल्ली)



श्री अंकुर कोचर
(लक्ष्मीनगर)

# विशेष प्रभारी

जैनं जयतु शासनम्
जैन संस्कार विधि
श्री प्रकाश सुराणा



नेत्रदान महादान
Eye Donation
श्री मनोज मालू



युवा वाहिनी
श्री दीपक नाहर



you have, you can...
MEGA BLOOD DONATION DRIVE
श्री हिम्मत राखेचा



तपोयज्ञ
श्री सुनिल छाजेड़



सरगम
सुरों का महासंग्राम
श्री रितेश मालू



तेरापंथ किशोर मंडल
श्री विनोद चौरड़िया



मैं हूँ सामायिक साधक
श्री संदीप पगारिया



PERSONALITY
DEVELOPMENT WORKSHOP
श्री दीपक कुण्डलिया



FIT युवा
श्री गौरव बच्छावत



# विशेष प्रभारी

युवा संगम

श्री प्रतीक गिड़िया

वेबसाइट



प्रकाशन

श्री मुदित लोढ़ा

ABTYP REPORTING




श्री मनीष पुगलिया



अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स

श्री अनिरुद्ध जैन



वित्त प्रभारी

श्री राजीव बैद



वित्त प्रभारी

श्री कुशाल गंदैया




मीडिया

श्री पवन नाहर



कम्पयुटर

श्री राकेश दुगड़



नूतन चिन्तन-नया विकास, युवकों में जागे विश्वास ।


## क्षेत्रीय सहयोगी


रोशन महनोत



अनिल बुच्चा



विकास सिंघी


नितिन हीरावत


आशीष पुगलिया


करण सुखानी


अरिहंत सेठिया


रिषभ नाहटा



रतनमल लोढ़ा


मनन कोठारी


अनुराग बेगवानी


पुनीत जैन


सुचित फूलफगर


कुशाल बोथरा


श्री सिद्धार्थ बैंगाणी


बिकास सेठिया


श्री नितिन सिंघी


श्री पवन बैद


सुशांत चौरड़िया


सिद्धार्थ छल्लानी


श्री सुमित बोथरा


श्री अरिहंत धारीवाल


श्री अजित बाफना

# अ.भा.ते.यु.प. द्वारा अलंकृत दिल्ली के युवक

## युवक रत्न

| | |
|---|---|
| श्री नवरत्नमल दुगड़ | (1972) |
| श्री मांगीलाल सेठिया | (1981) |
| श्री कन्हैयालाल पटावरी | (1992) |
| श्री गणपत लाल जैन | (1994) |
| श्री के.सी. जैन | (1996) |
| श्री माणक सिंघी | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (2001) |
| श्री अशोक संचेती | (2001) |

## युवा गौरव

| | |
|---|---|
| श्री पुखराज सेठिया | (2001) |

## श्रेष्ठ कार्यकर्ता

| | |
|---|---|
| श्री आसकरण आँचलिया | (1999) |
| श्री प्रदीप संचेती | (2007) |
| श्री अरूण संचेती | (2008) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2011) |
| श्री अरविन्द गोठी | (2013) |

## आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार

| | |
|---|---|
| श्री ललित गर्ग | (2006) |
| श्री राजेश जैन 'चेतन' | (2009) |
| श्री प्रमोद घोड़ावत | (2011) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2018) |

## आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार

| | |
|---|---|
| डॉ. राजेश कुण्डलिया | (2013) |

# तेयुप दिल्ली द्वारा प्रदत्त अलंकरण

## युवक श्रेष्ठ

| | |
|---|---|
| श्री के. सी. जैन | (1996) |
| श्री सम्पत मल नाहटा | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (1998) |

# गौरवशाली विकास यात्रा

## अतीत से वर्तमान

| वर्ष | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| 1967–70 | श्री फरजन कुमार जैन | संयोजक प्रणाली |
| 1970–72 | श्री विजय सिंह कोठारी | संयोजक प्रणाली |
| 1972–73 | श्री विजयराज सुराणा | संयोजक प्रणाली |
| 1973–76 | श्री सुरेश जैन | श्री जगत पटावरी |
| 1976–80 | श्री विजय भँवर बोरड़ | श्री जगत पटावरी |
| 1980–84 | श्री रमेश जैन | श्री शान्ति कुमार जैन |
| 1984–87 | श्री सम्पत कुमार सुराणा | श्री सम्पत मल नाहाटा |
| 1987–88 | श्री संचय लाल डागा | श्री विमल सुराणा |
| 1988–90 | श्री सुखराज सेठिया | श्री छत्तर सिंह सिंघी |
| 1990–92 | श्री राजेन्द्र गिडिया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1992–94 | श्री पदम संचेती | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया |
| 1994–95 | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1995–96 | श्री पन्नालाल लूणिया | श्री अरुण संचेती |
| 1996–97 | श्री हेमराज बैद | श्री डालमचन्द बैद |
| 1997–98 | श्री डालमचन्द बैद | श्री अरुण संचेती |
| 1998–99 | श्री निर्मल भंसाली | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 1999–2000 | श्री बाबूलाल भूतोड़िया | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 2000–2001 | श्री आसकरण आँचलिया | श्री संजय खटेड़ |
| 2001–2003 | श्री प्रमोद घोड़ावत | श्री भीखम चन्द सुराणा |
| 2003–2004 | श्री भीखमचन्द सुराणा | श्री संजय खटेड़, श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2004–2005 | श्री प्रदीप संचेती | श्री अशोक बुच्चा, श्री बिमल बैंगाणी |
| 2005–2006 | श्री संजय खटेड़ | श्री अरविन्द गोठी |
| 2006–2007 | श्री बिमल बैंगाणी | श्री राजेश बैंगाणी |
| 2007–2008 | श्री कैलाश डूंगरवाल | श्री राजीव बैंगाणी |
| 2008–2009 | श्री सुशील सिपानी | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2009–2010 | श्री राजेश बरड़िया | श्री अभय सिंघी |
| 2010–2011 | श्री अशोक संचेती | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2011–2012 | श्री सुभाष सेठिया | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया |
| 2012–2013 | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया | श्री प्रवीण बैंगाणी |
| 2013–2014 | श्री मनोज नाहर | श्री संदीप डूंगरवाल |
| 2014–2015 | श्री अशोक संचेती | श्री मनोज बोरड़ |
| 2015–2016 | श्री मनोज बोरड़ | श्री नितेश बैद |
| 2016–2017 | श्री कमल गांधी | श्री सुभाष दुगड़ |
| 2017–2018 | श्री राजेश भंसाली | श्री प्रमोद संचेती |
| 2018–2019 | श्री पुखराज लोढ़ा | श्री राकेश बैंगाणी |
| 2019–2020 | श्री संजय संचेती | श्री मुकेश बोरड़ |
| 2020–2021 | श्री प्रवीण डुंगरवाल | श्री विकास सुराणा |
| 2021–2022 | श्री विकास बोथरा | श्री सौरभ आंचलिया |


Give a Forever to your Home
OSWAL MARBLES
WALK AROUND LUXURY
Sandeep Jain 9810321131 | Lakshay Jain 9818350816
Sikanderpur Marble Market, M G Road (opp. metro pillar no.20), Gurugram, Haryana - 122002
Plot No.13, Sector 34, Gurugram, Haryana - 122004
www.oswalmarble.com

अर्हम



# प्रगति - प्रतिवेदन 2021-22

तेरापंथ के आद्यप्रवर्तक महामना आचार्यश्री भिक्षु के श्री चरणों में श्रद्धासिक्त वंदन। अनन्त ऊर्जा के केन्द्र, युगप्रधान महातपस्वी युवामनीषी आचार्यश्री महाश्रमणजी के श्री चरणों में सभक्ति सादर वंदन। साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, मुख्यमुनि प्रवर एवं साध्वीवर्या जी के श्री चरणों में सभक्ति वंदन। तेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेश कुमारजी एवं दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के श्री चरणों में सादर वंदन।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, परामर्शकगण, अभातेयुप टीम के सदस्यगण, पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय संयोजक,सह-संयोजक, प्रभारी-सह प्रभारी, योजना एवं समन्वय समिति सदस्यगण, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगीगण, संघ एव संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित कर्मठ प्रिय युवा साथियों!

तेयुप दिल्ली के 55वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत-अभिनन्दन।

महामना भिक्षु ने जिस धर्मसंघ के अस्तित्व को आधारशिला दी, परम पुरषार्थी उत्तरवर्ती आचार्यो ने अप्रतिम ऊँचाईया प्रदान की, वर्तमान में युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी ऊर्जामयी पावन रश्मियों के आलोक से जिसे प्रकाशमान कर रहे है, उस गौरवशाली धर्मसंघ के संस्कारी एवं जागरूक युवाओं का संगठन है अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् और उसकी अतिविशिष्ट शाखा परिषद् है - तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली जो एक राज्य का प्रतिनिधित्व करती है। संघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित दिल्ली की युवा शक्ति श्रद्धा, आस्था और समर्पण के सूत्र को हृदयंगम कर गुरूदृष्टि की आराधना करते हुए विगत साढ़े पांच दशकों से सेवा, संस्कार एवं संगठन के अपने त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निरन्तर गतिशील है।

आलोच्य वर्ष 2021-22 में सभी ऊर्जावान युवा साथियों के सक्रिय सहयोग से परिषद् अनेकानेक धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपने दायित्वबोध एवं सक्रियता के साथ संलग्न रही। परिषद् द्वारा आलोच्य सत्र में किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

## 54वां वार्षिक अधिवेशन




तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का 54वां वार्षिक अधिवेशन (सत्र 2020-21) एवं साधारण सभा का आयोजन दिनांक 27 जून 2021 को अणुव्रत भवन में किया गया। परिषद् के संरक्षक, परामर्शक, दिल्ली की विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं जागरूक युवकगण इस अवसर पर उपस्थित थे। साधारण सभा में चुनाव अधिकारी श्री धनपत बोथरा एवं सह-चुनाव अधिकारी श्री मनोज बोरड़ ने आगामी सत्र 2021-22 के अध्यक्ष हेतु श्री विकास बोथरा को मनोनीत किया।

## शपथ ग्रहण समारोह

तेयुप दिल्ली के सत्र 2021-22 हेतु नवमनोनीत अध्यक्ष श्री विकास बोथरा के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह दिनांक 11 जुलाई 2021 को अणुव्रत भवन में ऑनलाइन एवं ऑफलाईन दोनों रूप में आयोजित हुआ। शपथ ग्रहण समारोह जैन संस्कार विधि से संपादित किया गया। संस्कारक श्री विमल गुनेचा, श्री सुभाष दुगड़, श्री कमल सेठिया, श्री प्रकाश सुराणा, श्री पवन गिड़िया, श्री प्रवीण गोलछा, श्री मनीष बरमेचा, श्री विकास सुराणा, श्री हेमराज राखेचा, श्री जतन श्यामसुखा, श्री सौरभ आंचलिया एवं श्री संजय संचेती ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम को विधिपूर्वक संपन्न करवाया।

निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल ने नवमनोनीत अध्यक्ष श्री विकास बोथरा को शपथ दिलाई। तत्पश्चात् पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों आदि के नामों की अध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने घोषणा की और विधिवत शपथ ग्रहण करवाई।

कार्यक्रम में शासनसेवी श्री के.एल. जैन (पटावरी) अभातेयुप पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में महासभा के तत्कालीन उपाध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया एवं श्री संजय खटेड़, दिल्ली सभा के अध्यक्ष श्री जोधराज बैद, पूर्व अध्यक्ष श्री गोविंद बाफना, उपाध्यक्ष श्री सुभाष सेठिया, संगठन मंत्री श्री अशोक संचती, तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्षगण, मंत्रीगण व समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने नवगठित टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं व मंगलकामनाएं प्रेषित की। तेयुप दिल्ली के नव मनोनीत मंत्री श्री सौरभ आंचलिया द्वारा सभी गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया गया।







## चार्तुमासिक मंगल प्रवेश



परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर ने महत्ती कृपा कर दिल्ली में पाँच स्थानों पर चारित्रात्माओं का पावन प्रवास प्रदान कर दिल्लीवासियों पर कृपा की। 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्राजी (ओसवाल भवन, विवेक विहार), 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी (तेरापंथ भवन, रोहिणी), 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्रीजी 'लाडनूं' (गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग), 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी (तेरापंथ भवन, विकासमंच, गांधीनगर) एवं 'शासनश्री' साध्वीश्री शशीरेखाजी (गोयलश्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क) का चार्तुमासिक मंगल प्रवेश दिनांक 18 जुलाई, 2021 को हुआ। सभी स्थानों पर चार्तुमासिक प्रवेश में तेयुप के युवा साथियों ने पूर्ण सक्रियता के साथ दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।





## तेरापंथ स्थापना दिवस



तेरापंथ स्थापना दिवस दिनांक 24 जुलाई 2021 को दिल्ली में पांचों स्थानों में विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में मनाया गया। सायं 7 से 8 बजे तक श्रावक समाज के साथ-साथ तेयुप सदस्यों द्वारा भी चारित्रात्माओं के सान्निध्य में सामायिक आराधना की गई।

## मंत्र दीक्षा

आषाढ़ी पूर्णिमा के अवसर पर अभातेयुप द्वारा निर्देशित मंत्र दीक्षा कार्यक्रम आनलाइन (जूम के माध्यम से) दिनांक 25 जुलाई 2021 को आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 350 से अधिक ज्ञानार्थियों ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की।





NATHU RAM JAIN
+91 9310018770

PUNEET JAIN
+91 9350230476



K.P. DIAMONDS
PRIVATE LIMITED
Jewellery For Passion

MANUFACTURER & WHOLESELLER
OF DIAMONDS
& DIAMOND JEWELLERY

SHOP NO. 201 A, GOLD PLAZA BUILDING,
GURUDWARA ROAD, KAROL BAGH, NEW DELHI-5
PH.: 011-45067597 | E: PUNEET_JAIN027@YAHOO.CO.IN

## नमस्कार महामंत्र जप



दिनांक 18 जुलाई 2021 से 2 माह तक प्रत्येक रविवार को रात्रि 8 से 9 बजे तक बहुश्रुत साध्वीश्री कनकश्रीजी के सान्निध्य में गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग में नमस्कार महामंत्र के जप का आयोजन तेयुप द्वारा किया गया। इसमें श्री सुनील गिड़िया, श्री रजत कोठारी, श्री मनोज बैगवानी आदि कार्यकर्ताओं सहित परिषद् के सदस्यों की विशेष सहभागित रही।

## आओ याद करे वीरों को









75वें स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या (14 अगस्त 2021) पर तेयुप दिल्ली द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन (फेसबुक के माध्यम) एवं ऑफलाइन ओसवाल भवन, विवेक विहार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद् के सदस्यों द्वारा विजय गीत से हुआ। तेयुप अध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने पधारें हुए महानुभावों का स्वागत करते हुए अपने भावों की अभिव्यिक्त दी।

आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित कवि श्री राजेश चेतन, सुप्रसिद्ध कवि श्री अनिल अग्रवंशी एवं देश की जानी मानी कवियित्री श्रीमती बलजीत कौर ने अपनी रचनाओं से वीरों की शहादत को नमन करते हुए सुमधुर काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली के प्रतिष्ठित गायक व गायिकाओं - श्री विमल गुनेचा, श्री संजय भटेरा, श्री विकास सिंघी, श्री राहुल बैद, श्री ईशान नौलखा, श्रीमती प्रीति श्यामसुखा, सुश्री महक श्यामसुखा एवं तेयुप सांस्कृतिक प्रभारी श्री रितेश मालू ने सुमधुर गायन से वातावरण को देश भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में तेयुप परामर्शक श्री इन्द्र बैंगाणी व श्री अशोक संचेती उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री हेमराज राखेचा ने एवं आभार ज्ञापन श्री मयंक दुगड़ ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक श्री मनीष महनोत, संगठन मंत्री श्री मयंक दुगड़, क्षेत्रीय संयोजक श्री पवन पारख आदि अनेक कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय श्रम रहा।

इस कार्यक्रम में अर्थ सौजन्य मातुश्री किरण देवी, श्री कमल सिंह खटेड़ परिवार का प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक धन्यवाद।

## समियाए धम्मे





अभातेयुप द्वारा निर्देशित 'मैं हूँ सामायिक साधक' के अंतर्गत युवाओं के लिए वर्षपर्यंत चलने वाले कार्यक्रम 'समियाए धम्मे' की सामायिक कार्यशाला का आयोजन शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभाजी ठाणा-4 के सान्निध्य में 23 अगस्त 2021 सोमवार प्रात: 9 बजे से तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर में किया गया।

साध्वीश्रीजी ने अपने प्रेरक वक्तव्य में सामायिक की महत्ता पर महत्त्वपूर्ण प्रेरणा प्रदान की। समाज की विभिन्न सभा-संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित तेयुप के युवा साथियों एवं श्रावक समाज ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री अशोक सिंघी ने एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय संयोजक श्री गौरव मणोत ने किया। सामायिक प्रभारी श्री संदीप पगारिया का श्रम निहित रहा।

## रक्षाबंधन कार्यशाला








अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप दिल्ली द्वारा जैन संस्कार विधि से रक्षाबंधन कार्यशाला का आयोजन 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभा जी ठाणा-4 के सान्निध्य में दिनांक 19 अगस्त 2021 को प्रात:9 बजे से तेरापंथ भवन विकास मंच, कृष्णा नगर में किया गया।

संस्कारक व उपासक श्री विमल गुनेचा, श्री प्रकाश सुराणा सहित सभी संस्कारकों ने मिलकर रक्षाबंधन को जैन संस्कार विधि से जैन मंत्रोच्चार द्वारा कैसे मनाया जाएं, उसकी जानकारी दी।

'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी ने परिवार में हम किस तरह से इन संस्कारों को अपना सकते है, इस विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने फरमाया कि जैन संस्कार विधि सिर्फ अपनी ही नहीं अपितु जन-जन की विधि बने, ऐसा हमें प्रयत्न करना चाहिए। साध्वीश्रीजी ने फरमाया कि ये रक्षाबंधन कार्यशाला आयोजन हमने पहली बार देखा है। इस हेतु सभी श्रावक समाज को यह प्रेरणा दी कि इस बार ज्यादा से ज्यादा जैन संस्कार विधि द्वारा ही रक्षाबंधन मनाने का प्रयास करे। साध्वीश्री जी ने तेयुप दिल्ली के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री हेमराज राखेचा ने व आभार ज्ञापन जैन संस्कार विधि प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा द्वारा किया गया।

## जैन विद्या कार्यशाला






अभातेयुप एवं समण संस्कृति संकाय के संयुक्त तत्त्वावधान में इस वर्ष भी पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों में भी जैन विद्या कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के प्रवास स्थल पर कार्यशाला के बैनर का अनावरण किया गया। सभी चातुर्मासिक स्थलों पर विराजित चारित्रात्माओं ने अध्ययन के लिए निर्देशित पुस्तक आचार्यश्री महाश्रमण की कृति ''तीन बातें ज्ञान की'' का अध्ययन कर ज्यादा से ज्यादा युवाओं एवं श्रावक समाज को इस कार्यशाला से जुड़ने की प्रेरणा प्रदान की। इस कार्यशाला का आयोजन 1 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2021 तक ऑनलाइन माध्यम से रात्रि 8:30 से 10:00 बजे तक किया गया। इस कार्यशाला की परीक्षा 29 अगस्त 2021 को रात्रि 8:30 से 10:00 बजे के बीच ऑनलाइन माध्यम से संबोधि ऐप द्वारा सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में दिल्ली के 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिल्ली से निशा गर्ग ने 33वां स्थान प्राप्त किया। आपके प्रति हार्दिक शुभकामनाऐं। संयोजक श्री राकेश पुगलिया ने सक्रिय श्रम एवं पूर्ण जागरूकता के साथ दायित्व का निर्वहन किया।

## अभिनव सामायिक

अभातेयुप द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 'अभिनव सामायिक' का आयोजन तेयुप दिल्ली द्वारा पर्युषण महापर्व के तृतीय दिवस 'सामायिक दिवस' के अवसर पर दिनांक 6 सितम्बर 2021 को दिल्ली में सभी चातुर्मासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया। सभी स्थानों पर चारित्रात्माओं द्वारा अभिनव सामायिक का प्रयोग करवाया गया एवं सामायिक के महत्त्व पर सारगर्भित एवं प्रेरक उद्बोधन प्रदान किया गया। सभी स्थानों पर विभिन्न सभा-संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित तेयुप के पदाधिकारियों, बड़ी संख्या में तेयुप के सदस्यों एवं श्रावक-श्राविका समाज की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




## पर्युषण पर्व की व्यवस्थाओं में सहभागिता

पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी महापर्व के अवसर पर दिनांक 4 सितम्बर 2021 से 11 सितम्बर 2021 तक दिल्ली में पांचों स्थानों पर विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं में युवा साथियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस बार आनलाइन लिंक के माध्यम से भी श्रावक-श्राविकाओं से आध्यात्मिक अनुष्ठान के फार्म भरवाए गए।









## जप तप महायज्ञ

तपोयज्ञ







अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप दिल्ली द्वारा जप-तप महायज्ञ का कार्यक्रम दिनांक 15 सितम्बर 2021 की मध्यरात्रि 12:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें अच्छी संख्या में युवा साथी जप के क्रम में जुड़े। दिल्ली में कुल 3 सेंटर बनाए गए जिसमें 87 सदस्यों की सहभागिता रही :-

- तेरापंथ भवन - मानसरोवर गार्डन
  समय रात्रि 12:00 बजे से रात्रि 1:00 बजे - संभागी 16 सदस्य
- तेरापंथ भवन - रोहिणी
  समय रात्रि 1:00 बजे से रात्रि 3:00 बजे - संभागी 35 सदस्य
- ओसवाल भवन - शाहदरा
  समय रात्रि 3:00 बजे से प्रातः 5:00 बजे - संभागी 36 सदस्य

इस अखण्ड जप को केन्द्र द्वारा निर्धारित 13 आध्यात्मिक अर्हताएं प्राप्त युवकों को जोड़कर किया गया। इस जप-तप महायज्ञ को सफल बनाने में तपोयज्ञ प्रभारी श्री सुनील छाजेड़, श्री हनुमान बोथरा, श्री अरविंद गोलछा, श्री शुभम जैन, श्री पवन पारख आदि कार्यकर्ताओं का सक्रिय श्रम रहा।

## अभातेयुप वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता






अभातेयुप राष्ट्रीय अधिवेशन 2, 3 एवं 4 अक्टूबर 2021 को उदयपुर में आयोजित हुआ। इस अधिवेशन में सत्र 2020-21 के लिए दिल्ली परिषद् को विभिन्न आयामों के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी में निम्न पुरस्कार प्राप्त हुए।

| | |
|---|---|
| विशेष श्रम | - तपोयज्ञ |
| विशेष श्रम | - जैन संस्कार विधि |
| द्वितीय स्थान | - संस्कार श्रेणी में |
| आयोजन | - टी.टी.एफ. कार्यशाला हेतु |







## भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान

जैन धर्म के आदि तीर्थंकर भगवान ऋषभ की स्तुति के रूप में श्वेताम्बर और दिगंबर दोनों परंपराओं में समान रूप से मान्य है भक्तामर स्तोत्र।तेयुप दिल्ली द्वारा दिल्ली में विभिन्न क्षेत्रों में जैन जगत के सर्वमान्य भक्तामर स्तोत्र - दंपति विशेष अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सभी युवासाथियों, स्थानीय सभाओं, महिला मंडल एवं किशोर मंडल के विशेष सहयोग व श्रावक-श्राविका समाज की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुए। आयोजित कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है :-

1) तेरापंथ भवन - रोहिणी
सान्निध्य :- 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी
दिनांक 17 अक्टूबर 2021
सौजन्य :- श्री पराग चिराग जैन




2) ओसवाल भवन - शाहदरा
सान्निध्य :- 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्राजी
दिनांक 17 अक्टूबर 2021
सौजन्य :- श्री मनोज कुण्डलिया



3) तेरापंथ भवन - गांधी नगर
सान्निध्य :- 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी
दिनांक 25 अक्टूबर 2021
सौजन्य :- श्री अनिल बैद





## व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

PERSONALITY
DEVELOPMENT WORKSHOP

व्यक्तित्व विकास कार्यशाला -

व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के अंतंगत तेयुप दिल्ली के निवेदन पर दिनांक 26 जनवरी 2022 को 24 सदस्यों ने डॉ. विवेक बिंद्रा द्वारा आयोजित वेबिनार (Leadership Funnel Program) में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF)

अभातेयुप के तत्त्वावधान में तेयुप दिल्ली द्वारा दो दिवसीय तेरापंथ टास्क फोर्स लेवल-1 का आयोजन दिनांक 18 सितम्बर 2021 को तेरापंथ भवन, महरौली में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जैन संस्कार विधि से संस्कारको द्वारा करवाया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष श्री जोधराज बैद, महामंत्री श्री डालमचंद बैद, तेममं दिल्ली अध्यक्षा श्रीमती मंजू जैन, निर्वतमान अध्यक्षा श्रीमती निर्मला कोठारी, TTF के राष्ट्रीय सह-प्रभारी श्री जितेश पोखरना, तेयुप दिल्ली के परामर्शक श्री संदीप डुंगरवाल एवं काफी संख्या में तेयुप सदस्यों की उपस्थिति रही।

श्री जोधराज बैद ने कार्यक्रम को मानव सेवा, राष्ट्र सेवा और समाज सेवा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। श्री डालमचंद बैद ने सभी कैडेट्स के प्रति मंगल भावना व्यक्त की। एनडीआरएफ (NDRF) की तरफ से उप-सेनानायक श्री आदित्य प्रताप सिंह ने सत्र की शुरूआत की।

कार्यक्रम के दूसरे दिन दिनांक 19 सितम्बर 2021 को अभातेयुप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी ने भावीपीढ़ी के लिए इस कार्यक्रम को उपयोगी बताया। इस अवसर पर श्री सम्पतमल नाहटा ने युवाओं को संबोधित किया। टीटीएफ राष्ट्रीय सह-प्रभारी श्री जितेश पोखरना ने दोनों दिन कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। समाज की विभिन्न सभा-संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

दो दिवसीय आयोजन में 24 कैडेट्स ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई जिसमें उन्होंने सड़क दुर्घटना, भूकंप, आग लगने व कई प्रकार की विकट परिस्थितियों में उपचार एवं बचाव का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम के प्रायोजक श्री जोधराज बैद एवं श्री अशोक सुरेन्द्र डागा रहे। श्री नगराज दुगड़ का भी अर्थ-सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का कुशल संयोजन कार्यक्रम संयोजक श्री पवन नाहर एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक श्री मनीष जैन ने किया।





## प्रभु पार्श्व प्रणति उपवास

अभातेयुप द्वारा निर्देशित 'प्रभु पार्श्व प्रणति उपवास' तेयुप दिल्ली द्वारा दिनांक 29 दिसम्बर 2021 को जैन धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर आयोजित किया गया। प्रभु पार्श्व प्रणति के माध्यम से दिल्ली में कुल 566 उपवास एवं 12 पौषध हुए। इस उपक्रम को सफल बनाने में प्रभारी श्री सुनील छाजेड़, श्री विनोद चोरड़िया, श्री प्रकाश सुराणा सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सक्रिय श्रम रहा। सभी के प्रति हार्दिक साधुवाद।

कोविड के इस माहौल में भी युवा साथियों द्वारा इस उपक्रम में की गई सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय है, सभी युवा साथियों का हृदय से आभार।

# JBR FOODS

JBR
*Celebrate With us*

**Sweets | Caterers | Events**

## WE PROVIDE WIDE RANGE OF VARIETY IN




| Sweets | Namkeen | Dry Fruit Box | Bhaji Box | Bakery Items |
| Customised Sweet Box| Chaat | Customised Hampers | Dry Fruit Cake |
| Rajasthani Grocery Items and All Types of Catering & Events |



***We provide Home Deliveries, Take orders for Breakfast, Birthday Parties, Anniversary Parties, Kitty Parties, etc.***

A-25, G.T. Karnal Road Industrial Area, Delhi - 110033

9358600600 | 9359600600

Follow us on: Jbr foods  jbr_foods

## उत्सव विश्व मैत्री का : अभिनव सामायिक फेस्टीवल

अभातेयुप निर्देशित 'उत्सव विश्व मैत्री का - अभिनव सामायिक फेस्टीवल' का आयोजन दिनांक 2 जनवरी 2022 को उपासक एवं संस्कारक श्री राजकुमार जैन के निर्देशन में Zoom ऐप के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम को नववर्ष के प्रथम रविवार को प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसमें हजारों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा सामायिक की जाती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 150 सामायिक हुई। विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों की इस उपक्रम में सहभागिता रही। प्रभारी श्री संदीप पगारिया सहित सभी कार्यकर्ताओं का इस उपक्रम को सफल बनाने में निष्ठापूर्ण श्रम रहा, सभी के प्रति साधुवाद।







## तेरापंथ टास्क फोर्स का वर्चुअल मिशन एम्पावरमेंट



अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप दिल्ली ने तेरापंथ टास्क फोर्स (TTF) का वर्चुअल मिशन एम्पावरमेंट के 2021-23 सत्र का प्रथम कार्यक्रम दिल्ली में 22 जनवरी 2022 को प्रातः 9:30 से 11:00 बजे तक जूम ऐप के माध्यम से आयोजित किया। एन.डी.आर.एफ प्रशिक्षित ट्रेनर्स द्वारा इस कार्यक्रम में दिल्ली तेरापंथ समाज के 100 से अधिक प्रतिभागियों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के विषय थे :- ब्लीडिंग, चोकिंग, फेक्चर, त्वचा का जलना, लिफिटंग इत्यादि आपदाओं में सहयोग।

अभातेयुप अध्यक्ष श्री पंकज डागा, महामंत्री श्री पवन मांडोत सहित विभिन्न सभा-संस्थाओं के गणमान्य पदाधिकारियों के साथ युवा साथियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम संयोजक श्री मनीष जैन एवं श्री पवन नाहर के सक्रिय श्रम हेतु बहुत-बहुत साधुवाद।












# युवा वाहिनी




आचार्यश्री महाश्रमणजी के षष्टिपूर्ति वर्ष के अवसर पर तेयुप दिल्ली ने पूज्यप्रवर के विहार सेवा में 60 दिन की सेवा का सुलक्ष्य रखा और गुरूदेव के परम आशीर्वाद और कृपा से एवं तेयुप दिल्ली के युवा, कर्मठ साथियों की सेवा भावना से यह लक्ष्य प्राप्त किया।


तेयुप दिल्ली ने 18 फरवरी 2022 को बीदासर से गुरूदेव की विहार सेवा में अनवरत सेवा करते हुए 8 मार्च 2022 को दिल्ली के अध्यात्म साधना केन्द्र तक एवं उसके पश्चात् 22 मार्च 2022 से गुरूदेव का विहार दिल्ली से सरदारशहर की ओर शुरू हुआ जिसमें 24 अप्रैल 2022 तक तेयुप दिल्ली व किशोर मंडल के युवा ऊर्जावान साथियों ने लगातार विहार सेवा में सहभागिता का लाभ लिया। 60 दिनों की विहार सेवा में गुरूदेव के साथ 897 किलोमीटर की सेवा उपासना का लाभ मिला, जिसमें तेयुप दिल्ली एवं किशोर मंडल के 200 से अधिक सदस्यों की सहभागिता रही। साथ ही गुरूकुलवास में प्रवासित चारित्रात्माओं के विहार में भी 897 किलोमीटर की सेवा का सुअवसर तेयुप दिल्ली को प्राप्त हुआ।


















अभातेयुप युवा वाहिनी
28 फरवरी 2022
12 किलोमीटर
अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद














## शासन माता का दिल्ली प्रवास एवं महाप्रयाण यात्रा

परम पूज्य आचार्यप्रवर ने दिल्ली समाज पर विशेष कृपा कर शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी को स्वास्थ्य लाभ हेतु दिल्ली भेजकर कृतार्थ किया।

13 फरवरी 2022 को शासन माता के दिल्ली पधारने पर आपश्री के स्वागत एवं सभी व्यवस्थाओं हेतु तेयुप के 40 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की। तत्पश्चात् साध्वीप्रमुखाश्रीजी का 14 फरवरी 2022 को एक्शन बालाजी अस्पताल, पश्चिम विहार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु पधारना हुआ। प्रतिदिन सेवा-दर्शन में तेयुप सदस्यों की सहभागिता रही।

8 मार्च 2022 को शासनमाता का अध्यात्म साधना केन्द्र महरौली के अनुकंपा भवन में पधारना हुआ। व्यवस्थाओं की दृष्टि से अनुकंपा भवन में 24 घंटे तेयुप दिल्ली के सजग, जागरूक कार्यकर्ता तत्पर रहे। सभी व्यवस्थाओं (जैसे दर्शन, सेवा व्यवस्था, चिकित्सा सेवा संबंधी व्यवस्थाओं इत्यादि) में परिषद् के सदस्यों ने अपनी सक्रियता एवं निष्ठा भाव से सेवा उपासना का लाभ उठाया।

स्वयं के जीवन को सार्थक कर मानव जीवन के लिए सदैव अनुकरणीय बनी तेरापंथ धर्मसंघ की शासनमाता असाधारण साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी 17 मार्च 2022 को प्रातः सदा के लिए विदेह की अनंत यात्रा के लिए महाप्रयाण कर गई।

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का परम सौभाग्य रहा कि आपके महाप्रयाण यात्रा में व्यवस्थाओं हेतु सेवा का सुअवसर मिला। तेयुप दिल्ली के किशोर व युवा, कर्मठ कार्यकर्ताओं ने अपनी कर्मजा शक्ति व सुश्रम से अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

आपश्री की अद्भुत साधना, अनुपम अप्रमतता, विलक्षण प्रतिभा, मातृ वात्सल्य, गुरू निष्ठा व गुरू भक्ति, प्रभावकारी कर्तृत्व, श्रमशीलता आदि हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक रहेगी। आपकी चैतन्य रश्मियों का आलोक सदैव मानव जगत को प्रकाशित करता रहेगा।

तेयुप दिल्ली आपके श्री चरणों में श्रद्धासिक्त विनयांजलि अर्पित करता है। आपके परम आर्शीवाद एवं वात्सल्य से अभिभूत दिल्ली की सम्पूर्ण युवाशक्ति की ओर से अनंत-अनंत कृतज्ञता।







## दिल्ली व क्षेत्रीय तेरापंथी सभाओं में प्रतिनिधित्व

परिषद् के लिए सात्विक गौरव का विषय है कि परिषद् के सदस्य जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली एवं विभिन्न क्षेत्रिय सभाओं में प्रमुख पदों एवं कार्यसमिति सदस्यों के रूप में अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। दिल्ली में कार्यरत अन्य संघीय एवं सामाजिक संस्थाओं में भी तेयुप दिल्ली के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रहती है।

# पूज्यप्रवर का संघ प्रभावक प्रवास

पूज्यप्रवर ने इस वर्ष हम दिल्लीवासियों पर अपनी कृपा व वात्सल्य की अमृतवर्षा से न सिर्फ हमें धन्य किया, अपितु प्राणी मात्र के जीवन को अपने दिव्य आलोक से ज्योर्तिमय किया है। 6 मार्च 2022, जिस दिन आपने प्रलंब विहार कर दिल्ली की धरा को धन्य किया, तेयुप दिल्ली के युवा सैनानी टीकरी बॉर्डर पर पलक पावड़े बिछाए आपके अभिनन्दन को आतुर थे।

18 फरवरी 2022 को बिदासर से आपश्री का अपनी धवल सेना के साथ दिल्ली की ओर विहार शुरू हुआ, उसी दिन से तेयुप दिल्ली ने अपने आराध्य के श्रीचरणों में विहार सेवा हेतु समर्पित होकर दिल्ली तक ही नहीं, अपितु आपश्री के मंगल विहार सेवा-उपासना में सरदारशहर तक 60 दिन की सेवा का पुण्य लाभ लेकर अपने आप में धन्यता का अनुभव किया।

दिल्ली की धरा सौभाग्यशाली है जहाँ आपका सुसफल 24 दिवसीय प्रवास जो अनेक अनिश्चित्ताओं एवं परिवर्तित स्थितियों के पश्चात् भी मंगलकारी रहा। तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली की युवा सेना ने आपश्री के आभावलय से ऊर्जित होकर पूर्ण सजगता व निष्ठा भाव से समर्पित रहकर सेवा-उपासना का लाभ उठाया।

तेयुप दिल्ली के सदस्य आपश्री के चरणों में ब्रह्मुहूर्त से लेकर रात्रिकालीन विश्राम तक आपकी सन्निकट सन्निधि में सेवा से लेकर अहिंसा यात्रा समारोह समिति की प्रत्येक व्यवस्था में सहभागी रहें। पंडाल व्यवस्था, भोजनशाला, प्रवास व्यवस्था, चिकित्सा सेवा, विहार सेवा, गोचरी सेवा, रात्रिकालीन सेवा इत्यादि सभी व्यवस्थाएं युवाशक्ति की सक्रिय सहभागिता से संपादित हुई।

आपश्री ने समय समय पर पावन और प्रेरणादायक आशीर्वाद युवाशक्ति को प्रदान कर कृतार्थ किया। आपश्री के प्रति अनन्त कृतज्ञता।

हमारे निवेदन पर आपश्री ने निर्माणाधीन आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर पधारकर तेयुप दिल्ली की झोली अपने अमूल्य आशीर्वाद से भरकर हम सभी युवाओं में नव ऊर्जा का संचार कर कृतार्थ किया। आपकी असीम कृपा व परम वात्सल्य की अमृत वर्षा सदैव तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली पर रही। आपश्री ने विहार यात्रा व साधना केन्द्र में अनेकों बार अपना सान्निध्य व पावन आशीर्वाद प्रदान करवाया। आपने महती कृपा कर मासिक तेरस का रात्रिकालीन 'भिक्षु धम्म जागरण' कार्यक्रम आयोजन की स्वीकृति प्रदान कर हमें अभिभूत किया। आपकी परम कृपा दृष्टि से तेयुप वाटिका भी धन्य हुई।

युवाओं में नव ऊर्जा का संचार व जीवन निर्माण हेतु मुनिश्री दिनेश कुमारजी का प्रेरणा पाथेय आपकी अनुकम्पा से प्राप्त हुआ।

अहिंसा यात्रा सम्पन्नता समारोह का भव्य आयोजन तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुआ जिसमें तेयुप दिल्ली के कर्मठ साथियों ने अपने सक्रिय सहयोग से सफल बनाने के लिए श्रम निहित कर आपके कृपा पात्र बनें।

आपके प्रवास के अंतर्गत आपकी सन्निधि में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली अनेकों वृहद् आयोजन हेतु योजनावत था किंतु अनेक अनिश्चित्ताओं व समसामायिक स्थितियों के कारण हम इस सौभाग्य से वंचित रह गए। परन्तु आपके आशीर्वाद से तेयुप दिल्ली के कर्मठ सदस्यों ने प्रतिपल हर आयोजन व व्यवस्था में सहयोगी बन अपनी सेवाओं से स्वयं को धन्य किया। हम अपना परम सौभाग्य समझते है कि हमें सेवा का सुअवसर मिला, सभी सहभागी सदस्यों को उनके समर्पण व सजगता से दायित्व निर्वहन हेतु कोटि कोटि साधुवाद।तेयुप दिल्ली सक्षम व सक्रिय युवा साथियों के सहयोग से निरंतर प्रगतिशील है।

हे युगदृष्टा, युग प्रवर्तक, अध्यात्मदर्शी, आगमज्ञाता आपके विहार व प्रवास के दौरान हर आयोजन में हर कार्य में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के सदस्य सेवा हेतु तत्पर थे क्योंकि सेवा हमारे संस्कारों में है। तेयुप जैसे गौरवशाली संगठन के साथ जुडकर सेवा कार्य करने से इसका स्वरूप व प्रभाव संगठन को ओर अधिक सशक्त बनाता हैं। आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञ की प्रतिकृति, आपश्री के आशीर्वाद व ऊर्जा से तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली सदैव सुसंगठित रहते हुए संघ सेवा में प्रवर्द्धमान रहें एवं आपकी परम कृपा दृष्टि से सफलताओं के मार्ग पर अग्रसर रहते हुए नये इतिहास का सृजन करें, यही श्रीचरणों में सविनय विनती हैं।



**Vimal Mahnot**
+91-9810156412

**Vivek Mahnot**
+91-9310148500

# Robot Mining Equipments (P) Ltd.


Drill Rod Insert


Indexable Carbide Inserts


Drill Rods


DTH Drilling Bit


Drill Rods


DTH Drilling Bit


Carbide Buttons


Special Cemented Carbide Cutting Tool


Taper Button Bits


Button Bits


Taper Button Bits


Button Bits

**406, 4th floor , Pearls Business Park Netaji Subhash Place, Delhi-110034**

**www.rfplcarbide.com , vimalmahnot@gmail.com**

## तेयुप वाटिका

परम पूज्य युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की अकल्पनीय कृपा इस वर्ष दिल्लीवासियों को प्राप्त हुई। शासन माता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के जीवन का अंतिम समय भी दिल्ली की धरा को मिला, जिससे दिल्ली की धरा पावन हो गई। तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली को सभी महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों जो कि कोई भी निर्धारित नहीं था जिसकी पहले से कोई कल्पना भी नही की जा सकती थी उन सभी कार्यो को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूज्यप्रवर का दिल्ली की धरा पर दिनांक 6 मार्च 2022 को मंगल प्रवेश हुआ। पूज्यप्रवर ने दिनांक 7 मार्च 2022 को बालाजी एक्शन हॉस्पिटल से शासन माता एवं स्वयं का प्रवास अध्यात्म साधना केन्द्र, छतरपुर दिल्ली में 8 मार्च 2022 से फरमाया। कई अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त होते हुए भी परिषद् के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने ''तेयुप वाटिका'' का अस्थाई निर्माण करने का निर्णय लिया गया। जिसके माध्यम से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था सेवा बहुत ही न्यूनतम मूल्य पर करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु परिषद् की युवा शक्ति द्वारा 1 दिन के अल्पकाल समय में पूज्यप्रवर के आर्शीवाद से अध्यात्म साधना केन्द्र में सुंदर और साताकारी वाटिका का निर्माण किया गया। इस हेतु श्रम नियोजित करने वाले संयोजक श्री मुकेश बोरड़ एवं सभी साथियों सहित श्री करूण सेठिया, श्री चंद्रसेन श्यामसुखा, श्री विनय बैंगाणी आदि की कर्मठता के प्रति साधुवाद।




वाटिका का सुंदर रूप, स्वच्छता और सदस्यों का सौहार्दपूर्ण व्यवहार वाटिका का मुख्य आकर्षण था। साधना केन्द्र में आए हुए लगभग सभी दर्शनार्थियों, प्रतिष्ठित गणमान्यजनों एवं अभातेयुप पदाधिकारियों ने इस सेवा का लाभ लिया तथा तेयुप दिल्ली के इस महनीय कार्य और वाटिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। दिनांक 21 मार्च 2022 को परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर का तेयुप वाटिका में मंगल पदार्पण हुआ एवं पूज्यप्रवर ने वाटिका का अवलोकन कर मंगल पाठ सुनाकर कृतार्थ किया।








## विचार संगोष्ठी

आलोच्य सत्र में परिषद् द्वारा विविध विषयों पर विचार संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जो निम्न प्रकार है :-

1) परिषद् के सदस्यों में वक्तव्य शैली एवं संयोजन प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन अणुव्रत भवन में किया गया जिसमें तेयुप पूर्व अध्यक्ष व आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित श्री प्रमोद घोड़ावत द्वारा कुशल प्रशिक्षण से लाभांवित किया गया। कार्यशाला में समाहित सदस्यों की जिज्ञासा का समाधान कर आपने सभी संभागी सदस्यों को आत्मविश्वास के साथ मंच संचालन की प्रेरणा दी। इस कार्यशाला में 25 सदस्यों की सहभागिता रही।

2) पूज्यप्रवर के दिल्ली प्रवास के दौरान मुनिश्री दिनेश कुमारजी, मुनि श्री नयकुमार आदि सहवर्ती संतो के सान्निध्य में दिनांक 19 मार्च 2022 को अध्यात्म साधना केन्द्र महरौली में परिषद् द्वारा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुनिश्री ने फरमाया कि हम संगठन को जितना सशक्त करेंगे उतनी ही संघ की प्रभावना अधिक होगी। मुनिश्री ने तेयुप व किशोर मंडल सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में युवकों एवं किशोरों को जोड़ने के लिए आह्वान किया। उन्होंने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कार्यकर्ताओं को अपने जीवन में व्यक्तित्व का विकास कैसे करें एवं सद्गुणों को धारण कर गुरूभक्ति एवं संघ भक्ति में प्रवर्धमान रहे, इस हेतु अपना पाथेय प्रदान किया। इस अवसर पर अभातेयुप पंचमंडल सदस्य श्री सम्पतमल नाहटा एवं तेयुप के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोज बोरड़ की उपस्थिति रही।

3) तेयुप दिल्ली के निवेदन पर मुनिश्री दिनेश कुमारजी, मुनिश्री नयकुमारजी एवं सहवर्ती संतों ने 23 मार्च 2022 को ओसवाल भवन, विवेक विहार में युवकों को प्रेरणा देने हेतु अपना समय प्रदान करवाया। मुनिश्री नयकुमार ने कहा कि युवकों को संगठन से जुड़कर अपना व्यक्तित्व विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेयुप दिल्ली युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है जो अपने त्रिआयामी उद्देश्यों - सेवा, संस्कार और संगठन के साथ सतत् गतिशील है। मुनिश्री दिनेश कुमारजी ने नौ तत्त्वों का विवेचन करते हुए इसके ज्ञानोपार्जन के लिए प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि युवक ज्ञान, दर्शन और चारित्र को सम्यक् बनाने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। तत्त्वज्ञान सीखने वाले अधिक से अधिक कार्यकर्ता तैयार हो, इस हेतु विशेष प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर संस्था शिरोमणि महासभा के उपाध्यक्ष श्री संजय खटेड़ का 'तेयुप से क्यों जुड़े?' विषय पर ओजस्वी वक्तव्य रहा। तेयुप परामर्शक श्री इन्द्र बैंगाणी की गरिमामय उपस्थिति रही।







## जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश

परिषद् के सभी सदस्यों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश प्रेषित करने के क्रम को संचालित किया गया। तेयुप सदस्यों ने इस उपक्रम को बहुत सराहा और इससे कार्यकर्ताओं में आपसी प्रमोद भावना जागृत हुई। वर्ष पर्यंत व्यक्तिगत रूप से व कार्यकारिणी ग्रुप द्वारा संदेश प्रेषित करने के कार्य को हमारे ऊर्जावान संगठन मंत्री श्री मयंक दुगड़ ने सजगता से पूर्ण किया। इस हेतु बहुत-बहुत साधुवाद।

युवा संगम
पहचान तेरापंथी युवकों की

## अभिवंदना वात्सल्य मूर्ति को

समय तथा लहरें निरंतर अपनी गति से आगे बढ़ती रहती हैं। शासनमाता वात्सल्य की प्रतिमूर्ति साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी की प्रथम मासिक पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु परिषद् द्वारा संगीत संध्या 'अभिवंदना वात्सल्य मूर्ति को' का आयोजन दिनांक 15 अप्रैल 2022 को किया। कार्यक्रम में स्वर रश्मियां बिखेरने हेतु कोलकाता से श्री नवीन नौलखा एवं हनुमानगढ़ से सुश्री अभिलाषा बांठिया को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से किया गया। तत्पश्चात् तेयुप सदस्यों द्वारा विजय गीत से भक्ति संध्या का आगाज किया गया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित कलाकारों का जैन संस्कार विधि से तिलक करके व जैन पट्टिका द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने उपस्थित श्रावक समाज व विभिन्न सभा संस्थाओं से समागत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। तेयुप दिल्ली के साथियों ने अपने सामूहिक गीतिका के माध्यम से शासनमाता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा अपने कर्मठ सभी जैन संस्कारकों का उनकी अमूल्य सेवाओं हेतु स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय आयोजन में शासनसेवी श्री कन्हैयालाल पटावरी, श्री सम्पतमल नाहटा, श्री के. सी. जैन, श्री सुखराज सेठिया, श्री डालमचंद बैद, श्रीमती मंजु जैन, डॉ. श्री कांतिलाल श्यामसुखा, तेयुप परामर्शक श्री इन्द्र बैंगाणी सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भक्ति संध्या में स्वर लहरियों से अणुव्रत भवन का वातावरण अध्यात्ममय बन गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री हेमराज राखेचा ने एवं आभार ज्ञापन तेयुप दिल्ली के मंत्री श्री सौरभ आंचलिया ने किया। कार्यक्रम संयोजक श्री चन्द्रसेन श्यामसुखा, सांस्कृतिक सह-प्रभारी प्रवीण बैद व अन्य सभी सदस्यों के उल्लेखनीय श्रम हेतु साधुवाद। कार्यक्रम में अर्थ सौजन्य हेतु श्री भीकमचन्द जीतमल जय चौरड़िया के प्रति हार्दिक आभार।





## षष्टिपूर्ति आध्यात्मिक तपसेना

युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के 60वें जन्म दिवस (षष्टिपूर्ति) के अवसर पर अभातेयुप द्वारा निर्देशित 'षष्टिपूर्ति आध्यात्मिक तपसेना' में तेयुप दिल्ली के युवा साथियों ने गुरूदेव के श्री चरणों में तप की आध्यात्मिक भेंट की। ऑनलाइन लिंक के माध्यम से 82 युवकों ने संकल्प ग्रहण किए।

तपोयज्ञ

## आचार्य महाप्रज्ञ पार्क

प्रेक्षा प्रणेता युगप्रधान आचार्यश्री महाप्रज्ञजी जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा तेयुप एवं टी.पी.एफ. के संयुक्त तत्त्वावधान मे श्री संजय खटेड़ के सक्रिय श्रम एवं तत्कालीन उपमहापौर श्री संजय गोयल के प्रयास से विवेक विहार - डी ब्लॉक स्थित पार्क का नाम 'आचार्य महाप्रज्ञ पार्क' नाम से स्वीकृत किया गया। तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस पार्क का नामकरण दिनांक 14 मई 2022 को जैन संस्कार विधि से संपादित हुआ। इस अवसर पर श्री श्यामसुंदर अग्रवाल (महापौर पूर्वी दिल्ली), श्री संजय गोयल (पूर्व उपमहापौर) सहित विभिन्न सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही। ज्ञातव्य है कि पार्क का सौंदर्यीकरण एवं सुसज्जा करवानें का संयोजकीय दायित्व श्री विनय लिंगा पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। इनके साथ तेयुप के कार्यकर्ताओं का निष्ठापूर्ण श्रम भी उल्लेखनीय है। कार्यक्रम का मंच संचालन उपाध्यक्ष श्री विकास सुराणा एवं आभार ज्ञापन श्री विनय लिंगा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिषद् कार्यकर्ताओं की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही एवं तेरापंथ किशोर मंडल की सुमधुर गीतिका व आचार्यश्री महाप्रज्ञ के जीवन परिचय पर प्रस्तुति रही, सभी के श्रम को साधुवाद।









## सामूहिक गुरू-दर्शन

तेयुप दिल्ली के पदाधिकारियों एवं ऊर्जावान सदस्यों ने समय-समय पर गुरू-दर्शन कर सेवा उपासना का लाभ लिया :-

| | |
|---|---|
| भीलवाड़ा | - 28 अगस्त से 29 अगस्त 2021 |
| सवाई माधोपुर | - 11 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2021 |
| बीदासर | - 17 फरवरी से 18 फरवरी 2022 |







Home Star®
Plus
1200mm (48")
CEILING FAN
PILOT
TEJAS
ADMIRE
Premium fans
and electrical
home appliances
Starex Decor
IS : 996
IS : 302-2-3
IS : 368
IS : 374
Double Ball Bearing
SPECIFICATIONS
Sweep : 1200mm (48") / 1400mm (56")
RPM : 350 Approx
Colors : Brown, Ivory, White
* Also available in high speed
Bimal Rishabh Bengani
B.R.ELECTRICALS
1004/5 & 6,Rithala Industrial Area, New Delhi 110085
M 9810165276, 9310165276, 9810613116

## सत्कार चौका सहभागिता



अभातेयुप द्वारा संचालित उपक्रम 'सत्कार चौका' में तेयुप दिल्ली द्वारा दिनांक 15 फरवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक एक माह के लिए सेवा प्रदान कर सक्रिय सहभागिता दर्ज की गई।







## ज्ञानशाला संचालन में सहभागिता

भावी पीढ़ी को सुसंस्कारी बनाने का महत्त्वपूर्ण उपक्रम है-ज्ञानशाला। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली द्वारा संचालित तथा तेयुप एवं तेमम के सहयोग से दिल्ली में 13 स्थानों में ज्ञानशाला के माध्यम से बच्चों में संस्कार निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ज्ञानशाला संचालन में परिषद् से सह-व्यवस्थापकों व अनेक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता निरंतर रहती है।










## शनिवारीय सामायिक

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा गुरू इंगित की आराधना करते हुए प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे तक सामायिक करने हेतु सदस्यों एवं श्रावक समाज में जागरूकता हेतु समय-समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश प्रेषित किये गए।

मैं हूँ सामायिक साधक

## तप अनुमोदना

तपस्वियों का अभिनंदन एवं तप की अनुमोदना निर्जरा का हेतु है। परिषद् सदस्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में तप रूपी महायज्ञ में आहुति देने वाले सभी तपस्वियों के तप अनुमोदना में सहभागी बन उनके प्रति आध्यात्मिक मंगलकामनाऐं एवं शुभपृच्छा की जाती है।

परिषद् के लिए आध्यात्मिक गौरव का विषय है इस वर्ष तेयुप भिक्षु भजन मंडली द्वारा तपस्वी भाई-बहिनों के घर जाकर भजनों के माध्यम से तप की अनुमोदना की गई।






## भवन एवं ATDC गति-प्रगति

तेयुप दिल्ली द्वारा शास्त्री नगर में क्रय भवन तल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इसी क्रम में तेयुप के शिवालिक स्थित बेसमेंट में निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कर वहां पर आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर (ATDC) को जल्द शुरू करने के लिए परिषद् कटिबद्ध है। दिल्ली सभा द्वारा ATDC के लिए विशेष आर्थिक अनुदान परिषद् को प्राप्त हुआ इस हेतु दिल्ली सभा का आभार।

समय-समय पर पदाधिकारी, संयोजक आदि दोनों ही स्थानों पर निर्माण कार्य का अवलोकन कर भवन अतिशीघ्र तैयार हो, इस हेतु पूर्ण जागरूकता से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।






## जल सेवा

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के कर्मठ सदस्यों ने पूज्यप्रवर के दिल्ली में विहार सेवा में संभागी सभी श्रावक श्राविका समाज के लिए जल सेवा व्यवस्था का पुण्य लाभ लिया।






## एक दिन एक युवक एक उपवास

पूज्यप्रवर के षष्टिपूर्ति वर्ष पर तपोयज्ञ आयाम के अंतर्गत 'एक दिन एक युवक एक उपवास' के लक्ष्य के साथ 60 दिन तक सदस्यों ने प्रतिदिन उपवास गुरूचरणों में समर्पित किया।

## रक्तदान एवं प्लाज्मा डोनेशन

तेयुप के त्रिआयामी उद्देश्यों में से एक है - सेवा। सेवा के क्षेत्र में मानव सेवा का महत्त्वपूर्ण कार्य है - रक्तदान। इस वर्ष भी तेयुप दिल्ली के ऊर्जावान साथियों ने दिल्ली में ही नहीं NCR में भी आवश्यकता होने पर वहां जाकर रक्तदान कर सेवा के इस महनीय उपक्रम में योगभूत बनें है। प्रभारी श्री हिम्मत राखेचा की जागरूकता व सजगता से तेयुप दिल्ली के सदस्यों ने समय-समय पर रक्तदान एवं प्लाज्मा डोनेशन किए।



## आलौकिक प्रतियोगिता




अभातेयुप द्वारा आयोजित आलौकिक प्रतियोगिता के अंतर्गत दिल्ली से काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीन प्रतिभागियों ने स्थान प्राप्त किया :- श्री देवेन्द्र जैन, श्रीमती ललिता पुगलिया एवं श्री ऋषभ नाहटा, सभी को हार्दिक बधाई।

## युवादृष्टि अभियान










अभातेयुप द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'युवादृष्टि' सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें कुछ नए सदस्य बनाये गए।

युग की धारा को मोड़ दे,
चिंतन की प्रवाह को मोड़ दे,
सूखे पतझड़ बसंत कर दे,
नित नए विचारों से जीवन संवार दे।
ऐसा एक मात्र साथी ''युवादृष्टि''

## फिट युवा हिट युवा

युवा साथी शारीरिक रूप से फिट रहें इस उद्देश्य से अभातेयुप द्वारा निर्देशित 'फिट युवा हिट युवा' कार्यक्रमों का आयोजन दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर किया गया। अनेकानेक युवा साथियों ने इस उपक्रम में भाग लिया। फिट युवा हिट युवा प्रभारी श्री गौरव बच्छावत का हार्दिक आभार जिनका समय-समय पर इस उपक्रम को दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित करने में सक्रिय श्रम रहा।


शाहदरा


शाहदरा


रोहिणी


शास्त्री नगर


कृष्णा नगर

## संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता

दिल्ली में आयोजित सभी महत्त्वपूर्ण संघीय कार्यक्रमों में तेयुप दिल्ली की सक्रिय भूमिका रहती है। किसी भी संघीय कार्यक्रम में व्यवस्था संबंधी दायित्व निर्वहन मुख्यतः तेयुप द्वारा ही किया जाता है।



## अभातेयुप रिर्पोटिंग

परिषद् के सभी कार्यक्रमों की सुचारू रिपोर्ट तैयार कर अभातेयुप कार्यालय में प्रेषित करने का कार्य किया गया। सभी रिर्पोटस तेरापंथ टाइम्स, जे.टी.एन. आदि में प्रकाशित होती रही है। इन सबको संपादित करने में अभातेयुप रिर्पोटिंग प्रभारी श्री मुदित लोढ़ा का अथक श्रम रहा। उनके प्रति बहुत-बहुत आभार।

## सार-संभाल साथियों की

संगठन को मजबूत करने एवं साथियों की सार संभाल करने के लक्ष्य से परिषद् के पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों में 'सार-संभाल साथियों की एवं संवाद सदस्यों से' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारीयों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर वहां पर युवा साथियों की सार-संभाल की एवं उन्हें तेयुप की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। तेयुप के नए सदस्य बनाकर संगठन को सुदृढ़ बनाने का सलक्ष्य प्रयास किया गया।



# भिक्षु धम्म जागरण

तेयुप दिल्ली द्वारा आचार्यश्री भिक्षु की मासिक तेरस पर हर माह 'भिक्षु धम्म जागरण' का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। जिससे विभिन्न उदयीमान गायकों एवं गायिकाओं का जुड़ाव हुआ। अनेकानेक प्रतिभाशाली नए गायक-गायिकाओं की प्रतिभा भी समाज के सामने उभरकर आई। इस उपक्रम के संपादन में प्रभारी श्री रितेश मालू, सह-प्रभारी श्री प्रवीण बैद एवं सभी क्षेत्रीय संयोजकों का महत्वपूर्ण श्रम रहा, सभी के प्रति बहुत-बहुत आभार।





दिनांक : 22 जुलाई 2021
स्थान : तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर
सान्निध्य : शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभाजी

दिनांक : 20 अगस्त 2021
स्थान : ए.जी. 21,
गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग


दिनांक : 18 सितम्बर 2021
स्थान : तेरापंथ भवन, महरौली

दिनांक : 18 अक्टूबर 2021
स्थान : गोयल श्रद्धा भवन, ग्रीन पार्क
सान्निध्य : शासनश्री साध्वीश्री शशिरेखाजी

दिनांक : 17 नवम्बर 2021
स्थान : तेरापंथ भवन, रोहिणी
सान्निध्य : शासनश्री साध्वीश्री रतनश्रीजी

दिनांक : 16 दिसम्बर 2021
स्थान : ओसवाल भवन, विवेक विहार
सान्निध्य : शासनश्री साध्वीश्री संघमित्राजी

सरगम
सुरों का महासंग्राम




दिनांक : 15 जनवरी 2022
वर्चुअल
Zoom द्वारा

दिनांक : 14 फरवरी 2022
स्थान : यू.पी.67, पीतमपुरा

दिनांक : 16 मार्च 2022
स्थान : अध्यात्म साधना केन्द्र, महरौली

दिनांक : 14 अप्रैल 2022
स्थान : 16, ईश्वर कॉलोनी, उत्तर मध्य

दिनांक : 14 मई 2022
स्थान : तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

दिनांक : 12 जून 2022
स्थान : ओसवाल भवन, विवेक विहार

# जैन संस्कार विधि

तेरापंथ धर्म संघ के नवमाधिशास्ता गणाधिपति गुरूदेवश्री तुलसी स्वप्नदृष्टा आचार्य थे। उनकी सोच सदैव दूरदर्शी एवं चिंतन का दायरा व्यापक था। उन्होनें हमें अपनी मौलिकताओं से परिचित होने का सुअवसर प्रदान किया। आपश्री का कहना था जैन लोग अपने सांस्कृतिक गौरव को समझे। आपके इस इंगित से समाज में नवजागृति आई और फलस्वरूप तैयार हुआ जैन संस्कृति के अनुरूप आयोजित होने वाले मांगलिक कार्यों का विधिवत प्रकल्प 'जैन संस्कार विधि'। यह विधि संयम, आस्था एवं सादगी की त्रिवेणी है। जैनत्व के प्रति हमारी आस्था का भाव पुष्ट हो, जीवन में संयम एवं सादगी हो तथा अहिंसा के प्रति हमारी सजगता एवं जागरूकता हो, यह ही इस विधि का मुख्य ध्येय है।

अभातेयुप द्वारा आपनी शाखा परिषदों के माध्यम से जैन संस्कार विधि का व्यापक प्रचार-प्रसार का महनीय कार्य संपादित होता है। इसी श्रृंखला में तेयुप दिल्ली द्वारा समय-समय पर समाज में जागृति लाने हेतु जैन संस्कार विधि का प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न आयोजन भी किए जाते है। इस वर्ष भी परिषद् द्वारा अनेकानेक मांगलिक कार्यक्रम इस विधि से संपादित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से उल्लेखनीय रहे :- अजैन परिवार द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम, प्रतिष्ठान शुभारम्भ कार्यक्रम तथा नामकरण संस्कार कार्यक्रम- जो कि परिषद् के लिए सात्विक गौरव का विषय रहा। परिषद् द्वारा इस सत्र में 159 कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित हुए जिनका विवरण इस प्रकार है:-

वर्ष भर में जैन संस्कार विधि से सम्पादित होने वाले कार्य :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सगाई समारोह | 1 |
| 2. | शपथ ग्रहण समारोह | 5 |
| 3. | प्रतिष्ठान, कैम्प, पार्क शुभारंभ | 15 |
| 4. | गृह-प्रवेश संस्कार | 18 |
| 5. | पाणिग्रहण संस्कार समारोह | 6 |
| 6. | नामकरण संस्कार | 13 |
| 7. | जन्म-दिवस व वैवाहिक वर्षगांठ समारोह | 8 |
| 8. | तप अनुष्ठान पारणा | 33 |
| 9. | रक्षा बंधन कार्यशाला | 1 |
| 10. | रक्षा बंधन संस्कार समारोह | 5 |
| 11. | उठावणा स्मृति सभा संस्कार | 6 |
| 12. | दीपावली पूजन कार्यशाला | 6 |
| 13. | दीपावली पूजन समारोह | 39 (1633 परिवारों में) |
| 14. | अंतिम संस्कार | 2 |
| 15. | पुण्यतिथि शासनमाता | 1 |

जैन संस्कार विधि द्वारा संपादित आयोजनों में सभी संस्कारकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। श्री अशोक संचेती (संरक्षक), श्री संजय खटेड़ (श्री श्रेणी संस्कारक), श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री सुरेन्द्र नाहटा, श्री बिमल गुनेचा, श्री प्रकाश सुराणा, श्री सुशील डागा, श्री सुभाष दुगड़, श्री राजकुमार जैन, श्री कमल सेठिया, श्री हिम्मत राखेचा, श्री विनीत मालू (ह्री श्रेणी संस्कारक), श्री जतन श्यामसुखा, श्री हेमराज राखेचा, श्री सौरभ आंचलिया, श्री विकास सुराणा, श्री मनीष बरमेचा, श्री पवन गिड़िया, श्री अनिल सेठिया, श्री प्रवीण गोलछा, श्री राजेश दुगड़, श्री अशोक सेठिया, श्री संजय संचेती (धी श्रेणी संस्कारक) का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

वर्तमान में दिल्ली में 23 संस्कारक अपनी महत्त्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

परिषद् को अनेक व्यक्तियों द्वारा जैन संस्कार विधि द्वारा संपादित कार्यक्रमों के अवसर पर स्वैछिक विशेष अनुदान प्राप्त हुआ, तदर्थ सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद।

ज्ञातव्य है अभातेयुप द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न जैन संस्कार विधि प्रशिक्षण कार्यशालाओं में दिल्ली के श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री विमल गुनेचा, श्री प्रकाश सुराणा की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

उल्लेखनिय है कि अपेक्षानुसार दिल्ली से बाहर जाकर भी यहां के संस्कारकों ने कई महत्त्वपूर्ण आयोजनों को संपादित किया है। परिषद् के लिए सात्विक हर्ष का विषय है कि अभातेयुप द्वारा तेयुप दिल्ली के जैन संस्कार विधि प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा एवं सह-प्रभारी श्री मनीष बरमेचा को राज्य प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया है। दोनों को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं।














## कार्यकारिणी बैठकें

प्रत्येक संगठन की सुदृढ़ता का आधार होता है उसके सदस्यों में आपसी समन्वय, विचारों का आदान-प्रदान तथा एक टीम वर्क। परिषद् द्वारा अपने त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति एवं समय-समय पर आयोजित विविध कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु विचार-विमर्श के लिए कार्यकारिणी सदस्यों की आठ बैठकें आलोच्य वर्ष में आयोजित की गई।





## चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा - उपासना

संघ सेवा में सदैव तत्पर रहती है धर्म संघ की युवासेना। इसी का अनुसरण करते हुए चारित्रात्माओं के विहार व रास्ते की सेवा उपासना के माध्यम से संघीय दायित्व निर्वहन कर तेयुप दिल्ली के युवा साथियों ने अपना अध्यात्मिक विकास किया। जिसमें सेवा प्रभारी श्री दीपक नाहर व टीम ने सजगता से अपना दायित्व निर्वहन किया। विहार सेवा में सहभागी बनें सभी युवासाथियों के प्रति साधुवाद। आचार्यश्री महाश्रमणजी के विहार के अतिरिक्त दिल्ली के क्षेत्रों में चारित्रात्माओं के विहार सेवा तथा दिल्ली से बाहर भी चारित्रात्माओं के विहार में ( कुल 772 किलोमीटर) सेवा का लाभ लिया, जिसका विवरण इस प्रकार है :-

शासनमाता साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी - 36 कि.मी.
शासनश्री साध्वीश्री संघमित्राजी (ठाणा-4) - 85 कि.मी.
शासनश्री साध्वीश्री रतनश्री जी (ठाणा-5) - 147 कि.मी.
बहुश्रुत साध्वीश्री कनकश्रीजी (ठाणा-5) - 24 कि.मी.
शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभाजी (ठाणा-4) - 115 कि.मी.
शासनश्री साध्वीश्री शशीरेखाजी (ठाणा-5)- 80 कि.मी.
डॉ. साध्वीश्री शुभप्रभाजी (ठाणा-4) - 105 कि.मी.
डॉ. साध्वीश्री कुन्दनरेखा जी (ठाणा-4) - 35 कि.मी.
मुनिश्री अक्षयप्रकाश जी (ठाणा-2) - 30 कि.मी.
दिल्ली से लाडनूं विहार सेवा - 115 कि.मी.
(बहुश्रुत साध्वीश्री कनकश्रीजी एवं शासनश्री साध्वीश्री शशीरेखाजी)







## सदस्यता अभियान

किसी भी संगठन का सुदृढ़ आधार होता है उसके सदस्य। वर्तमान में परिषद् के सदस्यों की संख्या इस प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| 2020-21 के आधार पर प्राप्त आजीवन सदस्य सूची | 1162 |
| 2020-21 के आधार पर प्राप्त सदस्यता सूची में फर्क | (-) 14 |
| 2020-21 के आधार पर आजीवन सदस्य | 1148 |
| आलोच्य वर्ष में सदस्यता मुक्त (45वर्ष) सदस्य | (-) 68 |
| आलोच्य वर्ष में दिवंगत सदस्य | (-) 1 |
| आलोच्य वर्ष 2021-22 में आजीवन सदस्य बने | 207 (अब तक सर्वाधिक) |
| कुल आजीवन सदस्य | 1286 |
| किशोर मंडल सदस्य 2020-21 | 37 |
| आलोच्य वर्ष में किशोर मंडल सदस्य | 95 |
| कुल किशोर मंडल सदस्य | 132 |




## बारहव्रत




तेरापंथ की पुण्यधरा से निकला उच्चगति का रथ...
अभातेयुप के मेघधनुष् में पूज्यप्रवर का है वरद हस्त ....
खाते-पीते जागृत अवस्था में ग्रहण करो कुछ शर्त ....
मनुष्य भव से देवगति का कन्फर्म टिकिट है बारह व्रत।

तेयुप दिल्ली ने श्रावक-श्राविका समाज में बारहव्रत पुस्तक वितरण, कर ऑनलाईन लिंक के माध्यम से संकल्प पत्र भरने हेतु प्रेरित किया, जिसमे इस वर्ष 20 से अधिक बारहव्रती श्रावक-श्राविका बने।

## जैन संस्कार विधि प्रचार-प्रसार




अपने संस्कार अपनी विधि : मानव जीवन में घटित होने वाले मांगलिक कार्यों (सगाई समारोह, प्रतिष्ठान व गृह-प्रवेश संस्कार, पाणिग्रहण संस्कार, नामकरण, जन्म-दिवस व वैवाहिक वर्षगांठ, तप अनुष्ठान पारणा, रक्षा बंधन, दीपावली पूजन, बही खाता पूजन इत्यादि) को जैन संस्कार विधि द्वारा निष्पादित करने हेतु जन मानस को प्रोत्साहित करने एवं जैन संस्कार विधि के प्रचार-प्रसार में तेयुप दिल्ली सतत् प्रयत्नशील है।

परिषद् द्वारा जैन संस्कार विधि से होने वाले मांगलिक आयोजनों हेतु संस्कारक उपलब्ध कराये जाते हैं और सामाजिक स्तर पर जैन विधि अपनाने के लिए उत्साहवर्धन किया जाता है। इसी श्रृंखला में भगवान महावीर निर्वाण दिवस (दीपावली) के अवसर पर जैन संस्कार विधि द्वारा दीपावली पूजन कार्यशाला एवं रक्षाबंधन कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें संस्कारकों द्वारा जैन संस्कार विधि से अवगत कराया एवं सुनियोजित तरीके से कार्यशाला को संपादित किया। इन कार्यशालाओं के फलस्वरूप सम्पूर्ण दिल्ली में 1633 परिवारों ने दीपावली पूजन जैन संस्कार विधि द्वारा संपादित किया। सभी के प्रति साधुवाद।

## नेत्रदान एवं देहदान

नेत्रदान महादान

Eye Donation

मानव सेवा का सबसे महत्त्वपूर्ण उपक्रम है देहदान एवं नेत्रदान। अभातेयुप द्वारा अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से देहदान एवं नेत्रदान के लिए समय-समय पर विशेष प्रेरणा प्रदान की जाती है। इसी श्रृंखला में तेयुप दिल्ली द्वारा आलोच्य वर्ष में 30 नेत्रदान एवं 1 देहदान (श्री हनुमानमल दुधेड़िया - 16.05.2022) के कार्य सम्पन्न किए गए। नेत्रदान प्रभारी श्री मनोज मालू की जागरूकता एवं श्रमशीलता हेतु हार्दिक धन्यवाद। साथ ही आभारी है गुरूनानक आई सेंटर के अतुलनीय सहयोग हेतु। दिवंगत नेत्रदानी आत्माओं के उत्तरोतर विकास की मंगलकामनाएं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री विज्ञानशील चौपड़ा | 22.07.2021 |
| 2. | श्रीमती पुष्पादेवी बैंगानी | 26.07.2021 |
| 3. | श्री निर्मल आंचलिया | 29.07.2021 |
| 4. | श्री जगदीश चन्द जैन | 05.08.2021 |
| 5. | श्री धर्मचन्द सेठिया | 05.08.2021 |
| 6. | श्री सूरजमल बाफना | 26.08.2021 |
| 7. | श्रीमती चंदा देवी सेठिया | 29.08.2021 |
| 8. | श्री सुपारसमल दुगड़ | 06.09.2021 |
| 9. | श्रीमती आशी देवी दुगड़ | 24.09.2021 |
| 10. | श्रीमती किरणदेवी डागा | 18.10.2021 |
| 11. | श्री सम्पतमल पुगलिया | 21.10.2021 |
| 12. | श्री सोहनलाल बाफना | 28.10.2021 |
| 13. | श्रीमती हेमलता जैन | 08.11.2021 |
| 14. | श्रीमती चंचला देवी सेठिया | 11.11.2021 |
| 15. | श्री आनंद जैन | 12.12.2021 |
| 16. | श्रीमती सायर देवी बोथरा | 29.12.2021 |
| 17. | श्री संपतराज दुगड़ | 16.01.2022 |
| 18. | श्रीमती लिछमादेवी सिंघी | 08.02.2022 |
| 19. | श्रीमती तेजुदेवी बैद | 19.02.2022 |
| 20. | श्री पुखराज तातेड़ | 02.03.2022 |
| 21. | श्री राजेन्द्र मोहन कपूर RSS | 12.03.2022 |
| 22. | श्री ताराचंद चौरड़िया | 30.03.2022 |
| 23. | श्रीमती पुखराज देवी | 30.03.2022 |
| 24. | श्री शुभकरण सिंघी | 06.04.2022 |
| 25. | श्री छत्तरसिंह बोरड़ | 06.04.2022 |
| 26. | श्री हनुमानमल दुधेड़िया | 16.05.2022 |
| 27. | श्री नौरतनमल बेगवानी | 25.05.2022 |
| 28. | श्री दिलीप गोलछा | 27.05.2022 |
| 29. | श्री हुलासमल सुराणा | 02.06.2022 |
| 30. | श्रीमती प्रेमलता जैन | 07.06.2022 |

ॐ भिक्षु

जय भिक्षु

JBP

JAI BHIKSHU PLYWOOD

WHOLESALER OF PLYWOOD DOOR BLOCKBOARD VEENER LAMINATES

MUNDKA - DELHI

AJAY RANKA - 9310267962

## श्रद्धांजलि

आलोच्य वर्ष में तेरापंथ धर्मसंघ की अष्टम् साध्वी प्रमुखा शासनमाता साध्वीप्रमुखा श्री कनकप्रभाजी एवं जिन चारित्रात्माओं तथा श्रावक श्राविकाओं का स्वर्गवास हुआ है, परिषद् की ओर से सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा के उत्तरोतर आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना। आलोच्य वर्ष में परिषद् के सदस्य स्व. निशान्त सुराणा का भी स्वर्गवास हो गया, उनके प्रति भी हार्दिक श्रद्धांजलि।

## कृतज्ञोस्मि:

सर्वप्रथम अनन्त-अनन्त कृतज्ञता स्वप्नदृष्टा गणाधिपति पूज्य गुरूदेवश्री तुलसी के प्रति जिनकी दूरदृष्टि की ही निष्पति है तेरापंथ युवक परिषद्। स्मरण एवं नमन प्रेक्षाप्रणेता आचार्यश्री महाप्रज्ञजी को जिन्होंने इस संगठन को अपना वात्सल्य एवं पथ दर्शन प्रदान किया।

कृतज्ञता युगप्रधान युवामनीषी आचार्यश्री महाश्रमणजी के प्रति जिनके दिव्य आर्शीवाद से ही परिषद् के सारे कार्य निर्बाध रूप से संपादित हुए है, हो रहे हैं। पुण्य स्मरण साध्वीप्रमुखश्री कनकप्रभाजी का जिनकी वात्सल्यपूर्ण प्रेरणा परिषद् को निरंतर मिलती रही। कृतज्ञता नव मनोनीत साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनिप्रवर, साध्वीवर्याजी के प्रति जिनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद परिषद् को निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् के सदस्यों को सतत् प्रेरणा एवं मार्गदर्शन हेतु तेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेशकुमारजी के प्रति हृदय से कृतज्ञता। कृतज्ञता धर्मसंघ की समस्त धवलसेना व समस्त चारित्रात्माओं के प्रति जिनका पावन प्रेरणा पाथेय एवं मार्ग दर्शन समय-समय पर कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।

## सहयोग

तेयुप दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों के संपादन हेतु अनेक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् गतिविधियों के संचालन हेतु अणुव्रत भवन एवं अध्यात्म साधना केन्द्र में स्थान की उपलब्धता कराने हेतु अणुव्रत न्यास के प्रबंध न्यासी श्री के. सी. जैन का हार्दिक आभार।

तेरापंथ भवन (महरौली), ओसवाल भवन (शाहदरा), तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), गोयल आस्था भवन (शालीमार बाग), गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), तेरापंथ भवन (रोहिणी), तेरापंथ भवन (मॉडल टाऊन), तेरापंथ भवन (मानसरोवर गार्डन) द्वारा स्थानों की उपलब्धता कराने हेतु संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं व्यवस्था समितियों का हार्दिक धन्यवाद।

## क्षमायाचना

कर बद्ध - अंत: करण से क्षमायाचना करता हूँ, पूज्यप्रवर से अगर उनके इंगित की आराधना नहीं कर पाया हूँ। विगत वर्ष के दौरान दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं से क्षमायाचना यदि मेरे द्वारा कोई अविनय हुआ हो अथवा परिषद् दृष्टि के अनुरूप कार्य नहीं कर पायी हो।

यूं तो आप सभी ने मेरी प्रत्यक्ष या परोक्ष गलतियों को विस्मृत कर दिया होगा, फिर भी युवा साथियों सहित समाज के हर वर्ग से क्षमा प्रार्थी हूँ यदि आपके आशानुरूप कार्य न कर पाया हो या मेरे किसी व्यवहार से आपके हृदय को ठेस पहुँची हो।

## आभार

अभातेयुप की शाखा परिषदों में विशिष्ट परिषद् है तेयुप दिल्ली। लगभग 5000 तेरापंथी परिवारों के युवाओं की प्रतिनिधि संस्था है तेयुप दिल्ली। ऐसी गतिशील एवं विशिष्ट संस्था का मंत्री पद जहां एक ओर सात्विक गौरव की अनुभूति करता है वही दूसरी ओर दायित्वबोध का भान भी कराता है। मैं अंत:करण से आभारी हूं परिषद् के कर्मठ अध्यक्ष श्री विकास बोथरा का जिन्होंने तेयुप जैसी गतिशील व गौरवशाली संस्था का मुझे मंत्री मनोनीत किया। मैंने हमेशा प्रयत्न किया कि आपके निर्देशन में आप द्वारा प्रदत्त विश्वासपूर्ण दायित्व का जागरूकता एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूं। आपका कुशल नेतृत्व व प्रदत्त स्नेह ही मेरे प्रत्येक कार्य को सम्पादित करने में सहायक बना।

मै आभारी हूं कल्याण परिषद् के संयोजक एवं अणुव्रत न्यास के प्रबंधन्यासी श्री के.सी. जैन एवं विकास परिषद् के सम्माननीय सदस्य अजातशत्रु समाजभूषण श्री मांगीलाल सेठिया का जिनका वरद हस्त हमेशा परिषद् पर रहा। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष युवकरत्न श्री सुखराज सेठिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री जोधराज बैद, अणुव्रत न्यास के संयुक्त प्रबंध न्यासी श्री शांतिकुमार जैन के प्रति हार्दिक आभार जिनका मार्गदर्शन एवं सहयोग परिषद् को निरंतर प्राप्त हुआ। पूज्यप्रवर के प्रवासकाल के दौरान अहिंसा यात्रा समारोह समिति के अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाहटा का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, हार्दिक आभार।

संस्था शिरोमणि महासभा के उपाध्यक्ष श्री संजय खटेड़ का सतत् सहयोग एवं मार्गदर्शन परिषद् को प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक धन्यवाद। विशेष आभार व्यक्त करता हूं परिषद् के परामर्शक मंडल सदस्यों श्री पुखराज सेठिया, श्री बिमल बैंगाणी, श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री अशोक संचेती, श्री संदीप डुंगरवाल का जिनका समय-समय पर परिषद् को परामर्श प्राप्त हुआ। अभातेयुप अध्यक्ष श्री पंकज डागा, महामंत्री श्री पवन मांडोत, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संदीप कोठारी, महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी द्वारा प्रदत्त सहयोग के लिए आभार।

संघीय समाचारों के साप्ताहिक मुखपत्र 'अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स' ने दिल्ली परिषद् के कार्यक्रमों को प्रकाशन में समुचित स्थान दिया तदर्थ आभार।

वैधानिक कार्यो के संपादन एवं अंकेक्षक की सेवाओं हेतु श्री दीपक कुचेरिया का हार्दिक आभार।

सदैव की भांति परस्पर सहयोग के साथ एक-दूसरे के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागी बने रहे - तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समति दिल्ली एवं सभी क्षेत्रीय सभाएं। तेममं की अध्यक्षा श्रीमती मंजू जैन, टी.पी.एफ. अध्यक्ष श्री कांति श्यामसुखा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्री शांतिलाल पटावरी एवं सभी क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्षों सहित पूरी टीम के प्रति अंत:करण से आभार व साधुवाद।

आभार दिल्ली के श्रावक समाज का जिन्होंने परिषद् के हर कार्यो के संपादन में प्रत्यक्ष या परोक्ष सहभागिता दर्ज की। परिषद् द्वारा संपादित महत्त्वर्पूण आयोजनों में अर्थ अनुदान दाताओं के प्रति हार्दिक आभार जिन्होनें मुक्त हस्त अर्थ प्रदान कर कार्यो के संपादन में परिषद् को सहयोग प्रदान किया।

परिषद् कार्यक्रमों की सफल निष्पत्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोगी समस्त संस्थाओं, श्रावक समाज एवं समर्पित युवा साथी, जिनका मैं नामोल्लेख नही कर पाया हूँ, हृदय से आभार।

मैं प्रतिपल आभारी हूँ मेरी दादीसा श्राविका गौरव श्रीमती किरणदेवी आंचलिया, मेरे पिताजी श्रेष्ठ कार्यकर्ता स्व. आसकरण आंचलिया, मातुश्री श्रीमती तारा आंचलिया का जिन्होंने बचपन से मुझमें सेवा संस्कारों का बीजारोपण किया व संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान दी। मेरे कार्य में योगभूत बने मेरे अग्रज भ्राता श्री सम्राट आंचलिया व पारिवारिकजन एवं मेरे सभी मित्रजनों के प्रति हृदय से आभार।

मैं विशेष आभारी हूँ मेरी धर्मपत्नी श्रीमती झनकार आंचलिया, पुत्री तृप्ति एवं पुत्र कोविद का जिनके सहयोग के बिना दायित्व निर्वहन आसान नहीं था। परिषद् में मेरे दायित्व निर्वहन को सुगम बनाने का पूरा श्रेय मेरे परिवार को जाता है, सभी के प्रति आभार।

## शुभाशंसा

मैं परिषद् के सम्माननीय उपाध्यक्ष श्री विकास सुराणा एवं श्री संजीव जैन, सहमंत्री श्री अशोक सिंघी एवं श्री अमित डुंगरवाल, कोषाध्यक्ष श्री पवन श्यामसुखा, संगठन मंत्री श्री मयंक दूगड़ एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल द्वारा प्रदत्त सहयोग को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होनें प्रतिपल मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया। सभी के प्रति हार्दिक आभार।

तेयुप दिल्ली एक राज्यस्तरीय परिषद् है और इस वृहद् क्षेत्र में परस्पर सम्पर्क और संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय संयोजक। क्षेत्रीय संयोजक श्री अमित मिन्नी, श्री शुभम जिंदल (जैन), श्री गौरव महनोत, श्री राहुल बोथरा, श्री रजत कोठारी, श्री सुनिल गिड़िया, श्री विरेन्द्र दुगड़, श्री प्रतीक चिण्डालिया, श्री पुनीत गिड़िया, श्री पवन पारख, श्री मुदित श्यामसुखा, श्री संदीप संचेती, श्री सौरभ जैन एवं सभी क्षेत्रीय सह-संयोजको ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय प्रभारी श्री कुशाल गदैया, श्री प्रकाश सुराणा, श्री मनीष पुगलिया, श्री पवन नाहर, श्री अनिरूद्ध जैन, श्री मनोज मालू, श्री राकेश दुगड़, श्री विनोद चोरड़िया, श्री राजीव बैद, श्री हिम्मत राखेचा, श्री दीपक नाहर, श्री सुनिल छाजेड़, श्री रितेश मालू, श्री प्रतीक गिड़िया, श्री दीपक कुंडलिया, श्री संदीप पगारिया, श्री मुदित लोढ़ा श्री गौरव बच्छावत सहित सभी सह-प्रभारी, किशोर मंडल के संयोजक, सह-संयोजक एवं ज्ञानशाला के क्षेत्रीय संयोजकों द्वारा अपने कर्तव्यों का सजगता से पालन किया गया। सभी के प्रति साधुवाद एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना।

परिषद् के समस्त कार्यसमिति सदस्यगण, योजना एवं समन्वय समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु साधुवाद। इनके अतिरिक्त कई प्रिय एवं कर्मठ साथी और हैं जिन्होनें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना अमूल्य समय और श्रम नियोजित कर परिषद् के कार्यक्रमों को सफल बनाया। उन सभी युवा साथियों का, जिनका नामोल्लेख मैं यहां नहीं कर पाया हूं, सभी के प्रति हार्दिक आभार, धन्यवाद।

कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी एवं समिति सदस्यों के श्रम एवं सतत् सहयोग तथा परिषद् के युवा साथियों की जागरूकता एवं सक्रियता से ही समस्त कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित हो सके, तदर्थ हृदय से आभारी हूँ।

सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति शुभाशंसा करता हुआ यही मंगलकामना करता हूँ कि भविष्य में भी सभी युवा साथी सक्रिय सहयोगी एवं सहभागी बनकर परिषद् को नित नई ऊंचाईयां प्रदान करने में योगभूत बनेंगे।

इस कार्यकाल के दौरान कुछ युवा साथी परिषद् के साथ सक्रियता से जुड़े और कार्यक्रमों में रूचि दिखाई। श्री योगेश पटावरी, श्री प्रियंक दुगड़, श्री पवन बांठिया, श्री मुदित श्यामसुखा, श्री भव्य बैंगाणी, श्री शुभम जिन्दल (जैन), श्री जयंत बैंगाणी आदि के प्रति मैं आशावान हूं कि भविष्य में भी ये परिषद् के अच्छे कार्यकर्ता के रूप में उभरेंगे।

Last but not the least मैं अंतःकरण से परिषद् के उन सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभारी हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से ही अपने कार्यकाल को सुचारू रूप से संपन्न कर पाया हूँ।

## मंगलकामना

अंत में परिषद् के उत्तरोत्तर विकास की मंगलकामना करते हुए आशा करता हूँ कि परिषद् को सदैव प्रगतिमान करते रहने में सभी युवासाथियों का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति में सदैव गतिशील रहती हुई नित नई ऊँचाईयों का आरोहण करेगी। आने वाले नए नेतृत्व, नई कार्यकारिणी के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन। गणाधिपति गुरूदेव तुलसी के इन प्रेरणादायी पंक्तियों के साथ पुनः सभी के प्रति मंगलकामना :-

युवा वही जो युग की बहती धारा मोड़े,
बंजर धरती पर गुलाब की पौध उगाये।
युवा वही जिसकी पलकों में सपने नूतन,
श्रम की पूजा कर वो गीत सृजन के गाऐं।।


ऊँ अर्हम्

ओसवाल भवन, विवेक विहार
दिनांक : 12 जून 2022

सौरभ आंचलिया
मंत्री

# तेरापंथ किशोर मंडल

## वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22



श्री सौरभ सिंघी
(संयोजक)

आराध्य के श्रीचरणों में वंदन!

परम श्रद्धेय युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी, साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा जी, मुख्यमुनि प्रवर, साध्वीवर्याजी के चरणों में सभक्ति वंदन। दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के श्रीचरणों में वंदना। तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, प्रिय किशोर साथियों!

तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के 15 से 21 वर्ष तक के किशोरों का संगठन है। जिसमें किशोर तेरापंथ युवक परिषद् के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में सहभागी रहते है। साथ ही किशोर मंडल द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम समय-समय पर संपादित किए जाते है। तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों के संपादन में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली सदस्यों ने पूर्ण निष्ठा एवं श्रम के साथ आपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इस आलोच्य वर्ष में दायित्व निर्वहन के साथ-साथ आयोजित किए गए कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

**पर्युषण पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता :-** पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी महापर्व के अवसर पर दिनांक 4 सितम्बर 2021 से 11 सितम्बर 2021 तक दिल्ली में पांचों स्थानों पर विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं में किशोर मंडल की सक्रिय सहभागिता रही।

**स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम :-** स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 2 अक्टूबर 2021 को सैंट्रल पार्क, कृष्णा नगर में आयोजित हुआ। जिसमें कृष्णा नगर क्षेत्र से पार्षद सहित समाज की विभिन्न सभा-संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित श्रावक-श्राविका समाज की गरिमामय उपस्थिति रही।




**Ability is Absolute :** अभातेयुप द्वारा निर्देशित व तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली व तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा दिनांक 6 दिसम्बर 2021 को लिटिल हर्ट स्कूल में Ability is Absolute : Special Childs कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें Special Childs के पठन-पाठन एवं व्यायाम हेतु उपयोगी सामग्री वितरित की गई।




**गुरूदेव विहार सेवा सहभागिता :** युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की बीदासर से दिल्ली एवं दिल्ली से सरदारशहर तक रास्ते की सेवा-उपासना में तेरापंथ किशोर मंडल की सक्रिय सहभागिता रही।



**गुरूदेव का दिल्ली प्रवास** : आचार्यश्री महाश्रमणजी के दिल्ली में लगभग 24 दिवसीय प्रवास में किशोर मंडल सदस्यों द्वारा परिषद् की सभी व्यवस्थाओं जैसे : पंडाल व्यवस्था, भोजनालय, अनुकंपा भवन, तेयुप वाटिका इत्यादि में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की गई।




**SOUL NUTRITION** : अखिल भारतीय किशोर मंडल द्वारा ऑनलाईन रूप से दिनांक 15 अक्टूबर 2021 को SOUL NUTRITION का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरों से सामायिक व मंगलमंत्रों द्वारा आत्मकल्याण का आह्वान किया गया। किशोर मंडल सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

**किशोर मंडल अधिवेशन में सहभागिता** :- इस वर्ष किशोर मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 31 जुलाई 2021 से 1 अगस्त 2021 को ऑनलाईन माध्यम से आयोजित हुआ। जिसमें दिल्ली के लगभग 10 किशारों ने सहभागिता दर्ज की।

**त्यागोमय** : अभातेयुप द्वारा गुरूदेव के युवादिवस पर आयोजित त्यागोमय के अंतर्गत किशोर मंडल के 28 सदस्यों ने मई की भीषण गर्मी में भी उपवास कर अपनी सहभागिता दर्ज की।

**सदस्यता अभियान** :- इस वर्ष में किशोर मंडल सदस्यता अभियान में विशेष श्रम निहित किया गया। आलोच्य वर्ष में 95 नए सदस्य बनाए गए। वर्तमान में किशोर मंडल सदस्यों की कुल संख्या 132 है।

विशेष :- तेरापंथ युवक परिषद् के विभिन्न आयोजनों एवं उपक्रमों जैसे :- तेरापंथ टास्क फोर्स, फिट युवा हिट युवा, तपोयज्ञ, धम्म जागरण, कार्यकारिणी मीटिंग, विहार-सेवा आदि में भी किशोर मंडल सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

आभारी हूँ दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं का जिनका मार्गदर्शन सदैव हमारा उत्साह वर्द्धन करता रहा। आभारी हूँ तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष श्री विकास बोथरा, मंत्री श्री सौरभ आंचलिया, पदाधिकारीगण व समाज के सभी वरिष्ठ महानुभावों का जिनका स्नेह व मार्गदर्शन सदैव किशोरों को मिलता रहा है। विशेष रूप से आभारी हूँ किशोर मंडल प्रभारी श्री विनोद चौरड़िया का जिनका उल्लेखनीय सहयोग एवं समुचित मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा है।

ओम अर्हम्

**सौरभ सिंघी**
संयोजक

## झलकिया



















मैं हूँ सामायिक साधक | तपोयज्ञ | Acharya Tulsi Diagnostic Centre Dental Care Dialysis Centre / Acharya Mahapragya Medicals | जैनं जयतु शासनम् जैन संस्कार विधि | वीतराग पथ

युवा वाहिनी | Acharya Tulsi Jain Hostel | नेत्रदान महादान Eye Donation | PERSONALITY DEVELOPMENT WORKSHOP | TERAPANTH TASK FORCE

तेरापंथ किशोर मंडल | Confident Public Speaking An Effective Communication Course | you have, you can... MEGA BLOOD DONATION DRIVE | युवा संगम पहचान तेरापंथी युवकों की | सत्कार

FIT युवा | सरगम सुरों का महासंग्राम | बारह व्रत | योगक्षेम | जैन विद्या कार्यशाला

मंत्र दीक्षा | Sankalp A Mission संगठन यात्रा | ACHARYA MAHAPRAGYA प्रज्ञा केन्द्र | YOUTH AWAKENING जागो युवा जागो...... | प्रकाशन

सेवा संस्कार संगठन

# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली


पंजीकृत कार्यालय : ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052

कार्यालय : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-2

मोबाईल : 9315078011-12-13

ईमेल : delhityp@gmail.com • वेबसाईट : www.typdelhi.org



Ptd. By : United # 9811533664